आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* प्रभु वल्लभाचार्य जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 87 | उज्जैन, सोमवार 13 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।


## श्रद्धालुओं की सेवा

118 किलोमीटर क्षेत्र में चार द्वारपालों के दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए इस वर्ष शहरी दानदाताओं के साथ तंत्र एवं मंदिर सभी अगेवान हो गए हैं। तंत्र की और से श्रद्धालुओं की सेवा में कोई कमी नहीं रहे इसे लेकर पूरी सक्रियता है। शहरी दानदाताओं में अगेवान होने की होड़ सी लगी हुई है। समाजों की और से भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है। अलग-अलग समुह वार श्रद्धालुओं को पूरे रास्ते खाद्य सामग्री दान की जा रही है। द्वारपालों के केंद्र बिंदु अवंतिका नाथ के मंदिर की समिति भी सेवा में जुट गई है। भोजन के लिए यात्रा मार्ग के द्वितीय द्वारपाल के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं को अन्न सेवा प्रदान की जा रही है। वैसे यात्रा पर आने वाले ठेठ देहाती श्रद्धालुओं को इस दौरान सुविधा की कोई अपेक्षा नहीं होती है। उनका यह प्रवास शुद्ध त्याग एवं समर्पण लिए होता है।




रास्तों में ग्रामीण क्षेत्रों में धर्मालुजन अपने ट्यूबवेल 48 घंटे सतत चालू रखते हैं। अपने खलिहानों में श्रद्धालुओं के सोने बैठने की व्यवस्था रखते हैं। यहां तक कि आटा एवं दाल के साथ पूरे खाने की पुड़िया बनाकर रखते हैं। श्रद्धालुओं के पहुंचने पर उन्हें उपलब्ध करवाया जाता है। सत्ताधारी पूर्व जिला अध्यक्ष के खलिहान में जाकर देखें। प्रचार-प्रसार से दूर धर्मालुजन दानदाता अपने धर्म को अंजाम देते हैं। शहरी महिलाएं करोहन मार्ग पर पहुंचकर अपना दान करती हैं। कभी ककड़ी / तरबूज तो कभी तपती धूप में छाछ वितरण करती हैं। रास्ते भर श्रद्धालुओं को खाद्य सामग्री की कोई कमी नहीं होती है। खुसूर-फुसूर है कि जो यात्रा मार्ग पर पैदल ईश्वर की भक्ति में चल पड़ते हैं, उन्हें दानदाता मिलते चले जाते हैं। जीवन में त्याग और समर्पण को समझने के लिए 118 किलोमीटर की यह यात्रा महत्वपूर्ण है। जीवन की छोटी सी जरूरत भी इसमें सिमटी हुई है। पूरे 5 दिन मात्र एक पोटली में ही जीवन सिमट जाता है।


## ट्रेंडिंग




## न्यूज कॉलम

### दिल का दौरा पड़ने पर थोड़ी सी सावधानी बचा सकती है जान -डॉ. गर्ग

**उज्जैन।** दिल का दौरा पड़ने पर हम प्रतिवर्ष 1.5-2 लाख लोगों का दिल सीपीआर के द्वारा पुनः चालू कर सकते हैं। सही समय पर सही जगह पर प्रति मिनट 100 से 120 बार 2 से 2.5 इंच छाती को दबाए तो 15-20% लोगो का दिल वापस धड़क सकता है। उपरोक्त विशेष व्याख्यान लायंस डिस्ट्रिक की 323 जी के वार्षिक सम्मेलन में उज्जैन के सीनियर प्रोफ डॉ. विजय गर्ग ने लाइव डेमेस्ट्रेशन स्लाइड्स के द्वारा बताया कि पहले हम दिल बंद होने पर कृत्रिम सांस व दिल को दबाते थे। यह प्रक्रिया जटिल और आम व्यक्ति नहीं कर पाते थे। परंतु अब अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने अपने परिणामों में बताया कि छाती को दबाने वाली प्रक्रिया के परिणाम भी एक जैसे है। यह प्रक्रिया सरल है एवं एक व्यक्ति भी कर सकता है। हमें तुरंत पास कि हॉस्पिटल में फोन करना है एवं छाती दबाते हुए ले जाना है। डॉ. विजय गर्ग कहते हैं प्रतिदिन 2-3 व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट होता है। हम भी देख रहे हैं कि पोस्ट कोविड के बाद युवा लोग जिम, नाचने के दौरान कार्डियक अरेस्ट से ग्रसित हो रहे हैं और आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए इस परीक्षण का महत्व बहुत बढ़ जाता है। इसलिए हर पुलिस, कॉलेज, बैंक, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं एयरपोर्ट पर प्रशिक्षण शासकीय स्तर पर देना जरूरी है। आने वाले समय में डॉ. विजय गर्ग अपने सेवायें निःशुल्क दे सकते हैं। व्याख्यान के दौरान छाती के दर्द को गैस के दर्द से कैसे पहचाने के संबंध में भी जानकारी दी गई।



### उज्जैन में खुले एवं सूखे बोरवेल/कुएं की सुध ली, आगर में मधुमक्खियों के छत्तों पर ध्यान दिया

# हादसों के बाद जिला वार जाग रहा तंत्र

## नीमच में हुए हादसे के बाद भी सोयतकलां के स्कूल में मधुमक्खियों ने छात्र की जान ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभाग में जिला वार हादसों पर तंत्र जाग रहा है। उज्जैन के बड़नगर में बोरवेल में मासूम भागीरथ की मौत होने पर पूरे जिला में सुखे बोरवेल/कुंए की सुध ली जा रही है। आगर मालवा जिला के सोयतकलां में मधुमक्खियों के हमले में एक छात्र की जान जाने के बाद छत्ते हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि नीमच जिले में कुछ माह पूर्व ऐसे हादसा में आंगनवाड़ी स्व सहायता समूह अध्यक्ष की जान जा चुकी है। इसके बाद भी हालातों में बदलाव नहीं हुआ और सोयतकलां में नया हादसा हो गया।

हाल ही में संभाग के दो जिलों में हुए हादसों ने तंत्र की पोल खोलकर रख दी है। यहां जिला वार ही जागने का काम चल रहा है। नीमच में दो माह पूर्व मधुमक्खियों के हमले में आंगनवाड़ी के 20 बच्चों की जान तो बच गई थी लेकिन आंगनवाड़ी स्व सहायता समुह अध्यक्ष की जान बच्चों को बचाने में चली गई थी। उसके बाद भी आंगनवाडी, स्कूलों के पास मधुमक्खियों के छत्ते बने रहे। आगर मालवा जिले में 10 अप्रैल को ऐसे ही हादसे में स्कूली छात्र की जान गई है। इधर उज्जैन जिले के झालरिया में हुए हादसे में भी बोरवेल पर ढक्कन ढंके होने की बात की जा रही है लेकिन वहां भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कहीं देखने में नहीं आया है। इससे साफ हो रहा है कि हादसों के बाद जिला वार कार्रवाई की स्थिति बनी हुई है।

### नीमच में हादसा

3 फरवरी 2026 को संभाग के नीमच जिले के रानपुर गांव में मधुमक्खियों के हमले के दौरान कंचन बाई मेघवाल ने करीब 20 मासूम बच्चों को बचाया। हैंडपंप पर कपड़े धो रही कंचनबाई ने बच्चों को सुरक्षित किया। इस दौरान वह खुद मधुमक्खियों का शिकार हो गईं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।







### कुए/बोरवेल/ट्यूबवेल पर कार्रवाई

उज्जैन जिले के बड़नगर तहसील अंतर्गत झालरिया गांव में पलदूना मार्ग पर राजस्थान के पाली जिले का रहने वाला भागीरथ पिता पंसाराम ढाई वर्ष अय्यूब खां के बोरवेल में गिरा था। 22 घंटे बाद उसे मृतावस्था में ही निकाला गया था। घटना के बाद कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर सभी जनपद पंचायतों में ग्रामीण विकास विभाग के समस्त कर्मचारियों/ अधिकारियों के निर्देशन में सूखे एवं खुले कुओं, ट्यूब वेल/ बोरवेल को ढकने की कार्यवाही की गई। विभिन्न ग्रामों में सूखे एवं खुले बोरवेल को ढका गया और कुओं को चारों और से सुरक्षात्मक स्थिति में लाने हेतु काटो की बागड़ लगाई गई। इस पर निरंतर कार्रवाई कर ग्रामीण क्षेत्र के समस्त ऐसी संरचनाओं को ढका जाएगा ताकि भविष्य में कोई भी दुर्घटना ना घट सके।

### सोमवार को मिल सकेगी आर्थिक मदद

भागीरथ की मौत के उपरांत उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सिपुर्द किया गया था। परिजनों ने यहीं पर उसका अंतिम संस्कार किया है। शासन की और से 4 लाख की आर्थिक सहायता परिवार में भागीरथ की मां को बैंक का खाता फ्रीज होने से अभी नहीं मिल सकी है। सोमवार को उसका नया खाता बड़नगर में खुलवाने के बाद उनके खाते में सहायता राशि स्थानांतरित होगी।

### बोरवेल की अनुमति कहां से मिलती है?

- कानून के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति बोरवेल/ट्यूबवेल करवा सकता है लेकिन उसे इसके लिए डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, एसडीएम, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर, पंचायत ऑफिसर या निगम के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर को कम से कम 15 दिन पहले लिखित में सूचना देना होगी।
- लिखित अनुमति मिलने के बाद जमीन मालिक बोरवेल का काम शुरू करवा सकता है। जो भी एजेंसी खुदाई करेगी, उसका रजिस्ट्रेशन जिलाधिकारी के पास होना चाहिए।

### कौन है जिम्मेदार?

सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, नियमों को पालन कराने की जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी। वे सुनिश्चित करेंगे कि केन्द्रीय या राज्य की एजेंसी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी मार्गदर्शिका का सही तरीके से पालन हो।

### बोरवेल को लेकर ये हैं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार खुले बोरवेल को बंद करना अनिवार्य है, ताकि जानलेवा हादसे रोके जा सकें। इसके साथ ही बोरवेल खोदने के बाद, उसके केसिंग पाइप को जमीन से 0.30 मीटर ऊपर तक कांक्रीट के प्लेटफॉर्म से ढका जाना चाहिए। जो कि घटनास्थल पर नहीं देखा गया।

- नलकूप की खुदाई करने वाली सरकारी संस्था, अर्ध-सरकारी संस्था या ठेकेदार का पंजीयन जिला प्रशासन या संबंधित सक्षम अधिकारी के कार्यालय में होना चाहिए।
- जिस स्थान पर नलकूप की खुदाई की जा रही है, उस स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए। साइन बोर्ड में नलकूप खोदने या उसके पुनर्वास करने वाली एजेंसी का पूरा पता और नलकूप के मालिक या उसे काम में लाने वाली एजेंसी का विवरण दर्ज होगा।
- नलकूप की खुदाई के दौरान उसके आसपास कंटीले तारों की फेंसिंग या अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जाना चाहिए।
- नलकूप के बनने के बाद उसके केसिंग पाइप के चारों तरफ सीमेंट/कॉन्क्रीट का प्लेटफार्म बनाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 0.30 मीटर होनी चाहिए। प्लेटफार्म जमीन में 0.30 मीटर गहराई तक बनाना होगा।
- केसिंग पाइप के मुंह के पर स्टील की प्लेट वेल्ड की जाएगी या नट-बोल्ट से अच्छी तरह कसा होगी। इस व्यवस्था का मकसद नलकूप के मुंह के खुले रहने के कारण होने वाले संभावित खतरों से बच्चों को बचाना है। पम्प रिपेयर के समय नलकूप के मुंह को बंद रखा जाएगा।
- नलकूप की खुदाई पूरी होने के बाद खोदे गए गड्ढे और पानी वाले मार्ग को समतल किया जाएगा।
- यदि किसी कारणवश नलकूप को अधूरा छोड़ना पड़ता है तो उसे मिट्टी, रेत, बजरी, बोल्डर या खुदाई में बाहर निकले चट्टानों के बारीक टुकड़ों से पूरी तरह जमीन की सतह तक भरा जाना चाहिए। नलकूप की खुदाई पूरी होने के बाद साइट की पुरानी स्थिति को बहाल किया जाना चाहिए।

### कम गहरा हो तो बोरवेल ज्यादा हो तो ट्यूबवेल

ज्यादातर बोरवेल या ट्यूबवेल खेतों में लगाए जाते हैं। बोरवेल सामान्यतः कम गहरे होते हैं। कई बार कुएं में पानी न निकलने पर उसमें बोरवेल कर दिया है। इसलिए इसका डायमीटर एक जैसा नहीं होता। ट्यूबवेल का डायमीटर एक जैसा होता है। यह 150 से लेकर 700 फीट गहरे तक होते हैं।

### छात्र की मौत के बाद अब छत्ते हटेंगे

10 अप्रैल 2026 को सोयतकलां स्थित विवेकानंद विद्यालय के कक्षा 4 के छात्र रमन कराड़ा (आयु 9 वर्ष) की मधुमक्खियों के काटने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आर. पी. वर्मा द्वारा जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों को मधुमक्खियों से सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं विद्यालय प्राचार्य की लापरवाही पर पृथक से कार्यवाही की जा रही है। जारी निर्देशों के अनुसार वन मण्डलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व एवं वन), जिला अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों एवं परिसरों का निरीक्षण कर मधुमक्खियों के छत्तों को तत्काल हटवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही समस्त कार्यालयों एवं परिसरों में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ा-करकट हटाने एवं झाड़ियों की कटाई कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सर्प एवं अन्य जहरीले जीवों के पनपने की संभावना समाप्त हो सके। अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सभी अधिकारी सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की घटना होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### पंचकोशी यात्रा के दूसरे पड़ाव पर श्रद्धालु : कायावरोहणेश्वर, करोहन

# सुन्दर काया देनेवाले कायावरोहणेश्वर महादेव







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पं. राहुल शुक्ल

118 किलोमीटर की दुर्गम पंचकोशी यात्रा का दूसरा पड़ाव है ग्राम करोहन स्थित कायावरोहणेश्वर मंदिर। धार्मिक मान्यतानुसार ये शहर की दक्षिण दिशा के द्वारपाल हैं। महाकालेश्वर व अवंति के चार दिशाओं के द्वारपाल का वर्णन स्कंदपुराण के अवंतिखण्ड मे सविस्तार है। काया मतलब शरीर और कायावरोहणेश्वर अथार्त काया की रक्षा कर-के उसे सदैव कांतियुक्त रखनेवाले देव। प्रजापति दक्ष के यज्ञ से कुपित हो कालों के काल महाकाल ने वीरभद्र को उत्पन्न किया और पति के अपमान मे जल रही माता सती ने भू पर नाक रगड़कर अट्टास करती भद्रकाली को उत्पन्न किया।

भद्रकाली ने क्रोधित होकर रणक्षेत्र में सभी देवताओं पर प्रहार किया। अग्निदेव तेजहीन हो गए, वरूण को रस्सी से बांध दिया, इंद्र व अन्य देवता शरीर विहिन हो गए तब परमपिता ब्रह्मा भगवान शिव की शरण मे कैलाश पर्वत पहुंचे और भोलेनाथ से दया की याचना की। भोलेनाथ ने परामर्श दिया कि सभी देव प्रायश्चित करें और अवंतिक्षेत्र मे दक्षिण दिशा में शिवलिंग स्थापित कर कायावरोहणेश्वर की आराधना करें जिसके फलस्वरूप उनकी खोई हुई काया (शरीर) पुनः प्राप्त होगी। ब्रह्माजी ने देवराज इन्द्र को पूरा वृतांत सुनाया। बिना शरीर के सभी देव अपने राजा इन्द्र के साथ दक्षिण दिशा मे लिंग की स्थापना करके कायावरोहणेश्वर की स्तुति करने लगे जिसके फलस्वरूप वे शरीरवान बने और स्वर्ग को गए।

### शिवलोक में आश्रय की कामना

शिव ने उमा को वृतांत सुनाते हुए कहा कि अवंति के दक्षिण द्वारपाल कायावरोहणेश्वर की आराधना जो कोई भी पवित्र मन से करेगा वह तेजोमय होकर समृद्ध रहेगा व अंत मे मोक्ष प्राप्त करेगा। पंचकोशी यात्री करोहन स्थित कायावरोहणेश्वर के दर्शन करके शिवलोक में आश्रय की कामना करते हैं। द्वादश तिथि पर भगवान कायावरोहणेश्वर के दर्शन का विशेष महत्व बताया गया है। इस तिथि पर दर्शन मात्र से राजयोग की प्राप्ति होती है। कायावरोहणेश्वर पाषाण लिंग के आसपास पीतल की सुनहरी जलाधारी व लिंग पर नागछत्र बड़ा ही आकर्षक है। पास ही विघ्नहर्ता गणेशजी व वराह की पाषाण प्रतिमा हैं।

## ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर डॉ. राजरत्न अम्बेडकर ने उद्बोधन दिया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिक्षा के अग्रदूत और सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती 11, अप्रैल 2026 को भव्य और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आयोजित की गई इस गरिमामय कार्यक्रम में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा साहब के प्रपोत्र डॉ. राजरत्न अम्बेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये इसके बाद स्थित महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण करते हुये बुद्ध वन्दना की गई इसके बाद एक विशाल जुलूस निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ टावर चौक पहुंचा और यहां पर विश्व रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा साहब एवं संत बालीनाथ की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की इसके बाद पोलिटेक्निक कालेज परिसर उज्जैन में ज्योतिबा राव फुले की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में कई संगठन को आमंत्रित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता धर्मेन्द्र सोलंकी संभाग प्रभारी भारतीय बौद्ध महासभा ने की साथ ही मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ एवं वाल्मिकी समाज अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा डॉ. राजरत्न अम्बेडकर का भव्य रूप से स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित दशरथ सीहोते प्रदेश संगठन सचिव, विष्णु प्रसाद गोसर प्रदेश संगठन प्रचार सचिव, हेमराज घावरी उज्जैन संभाग अध्यक्ष, रवि सीहोते उज्जैन जिला अध्यक्ष, दिनेश लावरे संभाग महामंत्री, रायसिंग सोलंकी, सुनील खत्री, रवि चौहान, भैरुलाल मालवीय, भारती झांजोट, मदन लाल चौहान आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला सचिव मुकेश रायकवार ने दी।

### शिकायत कर्ता के नाम पर दो बैंकों से चार करोड़ का लोन ले लिया

# वरिष्ठ अभिभाषक और उनके बेटे पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर कोतवाली पुलिस ने हाईकोर्ट के निर्देश पर वरिष्ठ अभिभाषक नारायण प्रसाद पांडे और उनके बेटे अखिलेश पांडे के खिलाफ कूट रचना, अमानत में खनायत और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत कर्ता महेश पांडे अभिभाषक नारायण प्रसाद पांडे के छोटे भाई है। शिकायत कर्ता के नाम पर दो बैंकों से चार करोड़ का लोन ले लिया।

माता-पिता की वसीयत के अनुसार संपत्ति में दोनों भाईयों का बराबरी का हिस्सा था लेकिन अभिभाषक पांडे और उनके बेटे अखिलेश ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार महेश पांडे के फर्जी हस्ताक्षरों और शपथ पत्र के माध्यम से बंधन और आईसीआईसीआई बैंक में संपत्ति बंधक रखकर चार करोड़ का लोन ले लिया। महेश पांडे नौकरी में थे और उनकी संपत्ति की देखभाल बड़े भाई करते थे।रिटायर्ड होने के बाद जब शाजापुर आएं और सिविल चेक की तो पता चला बैंकों से लोन है। उन्होंने कोई लोन नहीं लिया और बैंक से जानकारी निकाली तो पता चला बड़े भाई और भतीजे ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी कर ली। धोखाधड़ी की जानकारी लगने के बाद शिकायत कर्ता ने दस्तावेज इकट्ठा करने शुरू किए। बैंकों में दस्तावेज के लिए गए तो उन्हें देने से इंकार कर दिया। राजस्व विभाग और पंजीयन विभाग से मिले दस्तावेजों के आधार पर कोतवाली पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने अभिभाषक पांडे के दबाव में कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायत कर्ता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। अभिभाषक पांडे ने निचली अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को सही ठहराते हुए पुलिस को तत्काल प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया पुलिस ने उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में आवेदक महेश कुमार पाण्डे निवासी नई सड़क शाजापुर की शिकायत पर वरिष्ठ अभिभाषक नारायण प्रसाद पाण्डे और अखिलेश पाण्डे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



- आवेदक ने आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उनके नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर विभिन्न स्थानों पर उपयोग किए गए। साथ ही बिना अनुमति उनके नाम पर बैंकों से करोड़ों रुपये का ऋण भी लिया गया। आवेदक के अनुसार, उन्हें अप्रैल 2023 में इस मामले की जानकारी मिली, जब उन्होंने अपने नाम पर बंधन बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिए गए ऋण की जानकारी प्राप्त की, जबकि उन्होंने स्वयं कोई ऋण नहीं लिया था।
- आवेदक ने बताया कि आरोपियों ने संयुक्त पारिवारिक संपत्ति से जुड़े मामलों में भी कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किए और फर्जी हस्ताक्षर कर बंटवारे के आवेदन लगाएं। बाद में आपत्ति के बाद ये आवेदन वापस ले लिए गए। हस्तलिपि विशेषज्ञ की जांच में भी दस्तावेजों पर किए गए हस्ताक्षर फर्जी पाए गए हैं।
- इस मामले में आवेदक ने पहले पुलिस और प्रशासन को शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 156(3) के तहत जांच के आदेश दिए गए, जिसे बाद में सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालय ने भी यथावत रखा। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत पाया गया है। फिलहाल मामले की विवेचना जारी है और आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर
# दैनिक अवन्तिका
नं. 1 क्षेत्रीय अखबार
इंदौर | उज्जैन | सोमवार 13 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com


देश विदेश

## आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन, उन्हें चेस्ट इंफेक्शन था

**मुंबई।** सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12 हजार से ज्यादा गाने गाए।

## युंगाडा आर्मी चीफ ने तुर्किये से सबसे खूबसूरत महिला मांगी

**नई दिल्ली।** युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्किये से 1 अरब डॉलर (9000 करोड़) और देश की सबसे खूबसूरत महिला को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्किये से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्किश एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने एक्स पर लिखा कि अगर तुर्किये ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे। उन्होंने युगांडावासियों को तुर्किये यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में 1 लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्किये की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

12 दिन में दूसरी बार आई

## प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल में माथा टेका



लंगर हॉल में जूठे बर्तन मांजे, अमृतसर में शूटिंग कर रहीं थी;

**अमृतसर।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल पहुंचीं। यहां उन्होंने दरबार साहिब में माथा टेका। इसके बाद वह लंगर हॉल में गईं, जहां उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक बर्तन धोने की सेवा की। साथ ही लंगर के अन्य कामों में भी सहयोग किया। प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ दिनों से अमृतसर में अपनी आने वाली फिल्म 'अमरी' की शूटिंग कर रही थीं। बीती रात उनकी शूटिंग पूरी हुई और काम खत्म होते ही वह सीधे गोल्डन टेंपल पहुंच गईं। वह व्हाइट कलर का शूट पहने नजर आईं। उनका सिर दुपट्टे से ढंका हुआ रहा। प्रियंका चोपड़ा आम श्रद्धालु की तरह यहां रही। हालांकि उन्होंने मीडिया से बात नहीं की। यह 12 दिन के भीतर उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह 31 मार्च को भी यहां आई थीं और उस समय भी उन्होंने लंगर हॉल में सेवा की थी। उत्तर प्रदेश के बरेली में जन्मीं प्रियंका चोपड़ा ने बचपन में कभी रंगभेद का सामना किया, तो कभी तानों से बचने के लिए बाथरूम में छिपकर खाना खाया। इन सबके बावजूद उन्होंने महज 18 साल की उम्र में 90 देशों की खूबसूरत कंटेस्टेंट्स को पीछे कर 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। मिस वर्ल्ड जीतने के बाद प्रियंका ने पहले तमिल सिनेमा में एंट्री ली और फिर बॉलीवुड में। प्रियंका ने लगातार ऐतराज, कृष, फैशन, डॉन 2, अग्निपथ जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम करते हुए खुद को बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस के बीच ला खड़ा किया, लेकिन फिर 2015 के बाद उन्होंने अचानक इंडस्ट्री छोड़ दी।

## एम्स भोपाल के एनआईसीयू में चूहे मिलने के बाद जांच तेज

**भोपाल।** एम्स भोपाल की एनआईसीयू में चूहे मिलने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। दो दिन से चल रहे पेस्ट कंट्रोल अभियान में संवेदनशील क्षेत्रों से करीब 25 चूहे मृत मिले, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। जांच में सामने आया कि फैकल्टी की शिकायतें शीर्ष प्रबंधन तक नहीं पहुंच रहीं थीं और सेनिटेशन सेल तक ही सीमित थीं। इधर, चूहों का वीडियो सामने आने और शिकायतें नहीं पहुंचने के बाद के बाद अब एमएस ऑफिस ने सभी शिकायतें सीधे भेजने के निर्देश दिए हैं। एसी डक्ट में लंबे समय से चूहों का बसेरा था। मेंटेनेंस के दौरान दवा डालने पर चूहे वार्ड, कॉरिडोर और एनआईसीयू तक पहुंच गए। विशेषज्ञों ने नवजातों में संक्रमण का खतरा ज्यादा बताया है।

## तुर्किये में नेतन्याहू समेत 35 लोगों पर केस

**नई दिल्ली।** तुर्किये में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1,102 साल से लेकर 4,596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है। आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नाम का एक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था।

# मुरुगन चुनाव जीते तो चार राज्यसभा सीटों पर होगा चुनाव

## 5 राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद बदल सकती है मप्र की राजनीतिक तस्वीर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मप्र में जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। वर्तमान में राज्य से 3 सीटें (दिग्विजय सिंह, सुमेर सिंह सोलंकी और जॉर्ज कुरियन) खाली हो रही हैं, लेकिन तमिलनाडु में हो रहे विधानसभा चुनाव में मप्र से राज्यसभा सांसद एल मुरुगन तमिलनाडु की अविनाशी सीट से विधायकी का चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में अगर वें चुनाव जीत जाते हैं तो मप्र में राज्यसभा की एक और सीट खाली हो जाएगी। ऐसे में मप्र में तीन नहीं चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव होगा।

### एल मुरुगन भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं





साल 2021 में उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया, तब वह मप्र से राज्यसभा सांसद बने। वह अभी केंद्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं। इससे पहले वह मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। इससे पहले वह साल 2011, 2012 उपचुनाव और 2021 में भी विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन तब तीनों ही बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके अलावा वह साल 2024 में नीलगिरी से लोकसभा चुनाव लड़े थे, लेकिन तब उन्हें डीएमके के ए राजा से हार झेलनी पड़ी थी। अब दोबारा से वह विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। तमिलनाडु में इस बार 23 अप्रैल 2026 को वोट डाले जाएंगे और पूरे राज्य में एक ही चरण में चुनाव होगा। वहीं मतगणना 4 मई को होगी।

### अपने निर्वाचन क्षेत्र पर उनका फोकस

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा की सीट पर कुरियन को उच्च सदन में भेजा गया था। भाजपा संगठन में वह अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहित कई प्रमुख पदों पर रहे। राज्यसभा में उनका कार्यकाल 9 अप्रैल को पूरा हो गया। इसी दिन उनके क्षेत्र में वोटिंग भी हो गई। अब 4 मई को चुनावी नतीजे के बाद उनको राजनैतिक भूमिका तय होगी। वैसे सुप्रीम कोर्ट की वकालत के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र पर उनका फोकस है।

### 4 मई पर सबकी नजर

मप्र से राज्यसभा की तीन सीटें खाली होना तय हैं, लेकिन चौथी सीट को लेकर सबकी नजर 4 मई को आने वाले विधानसभा चुनाव परिणामों पर है। मुरुगन यदि चुनाव जीते तो राज्यसभा में उनकी सीट भी खाली हो जाएगी। उनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक के लिए है। डॉ. मुरुगन मप्र से दूसरी बार उच्च सदन में गए हैं। विधानसभा चुनाव में उनकी जीत-हार के बाद ही मप्र से राज्यसभा की चौथी सीट पर चुनाव की तस्वीर स्पष्ट होगी। राज्यसभा में मप्र का प्रतिनिधित्व कर रहे दिग्विजय सिंह, डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी और जार्ज कुरियन का कार्यकाल 9 अप्रैल को पूरा हो गया। लेकिन डॉ. मुरुगन - विधानसभा का चुनाव जीत गए तो इस बात की संभावना है कि भाजपा उन्हें दक्षिण के तमिलनाडु राज्य में संगठन का जनाधार मजबूत करने का टास्क सौंपे। ऐसी स्थिति में राज्यसभा की चौथी सीट भी खाली हो जाएगी जिसका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक है।



## न्यूज कालम



### महिला श्रद्धालुओं का सामाजिक संस्था सखी सहेली ग्रुप द्वारा भव्य स्वागत

**सनावद।** नर्मदा परिक्रमा से वापस लौटी महिला श्रद्धालुओं का सामाजिक संस्था सखी सहेली ग्रुप द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी सीमा कमल जैन के नेतृत्व में सुषमा त्रिवेदी,राधिका माहेश्वरी,ममता बिरला,मनीषा शर्मा,राजश्री शर्मा,अनिता राठौर,मीनाक्षी मोरान्या एवं उषा राठौर ने गत 27 मार्च से 11 अप्रैल तक 15 दिनों में नर्मदा परिक्रमा पूर्ण की। श्रद्धालु महिलाओं ने नर्मदा परिक्रमा के दौरान परिक्रमा पथ में स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन कर राष्ट्र की सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की। परिक्रमा पूर्ण कर वापस नगरागमन पर सखी सहेली ग्रुप की सोनाली राठौर, जयश्री बिरला,अनु शर्मा,अंजली शर्मा, उमा उपाध्याय,रिंकू शर्मा,ममता मूंदड़ा, शिवानी,लाड़की बाई,विमला परवाल,भाली बाई,प्रेमा जोशी, राजश्री, प्रभा राठौर ने पुष्पमाला पहना कर परिक्रमा से लौटी महिला श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया।

### गोकुलधाम गौशाला के नवीन भवन का शिलान्यास एवम स्तंभ पूजन



**मनावर।** गोकुलधाम गौशाला के नवीन भवन का शिलान्यास एवं स्तंभ पूजन दिनांक 15 अप्रैल बुधवार को प्रातः कालीन समय में होगा ।कार्यक्रम का स्थल - लोणी फाटा, टोंकी रोड मनावर रहेगा। इसी के संदर्भ में मां चामुंडा मंदिर गुलाटी रोड मनावर में गोकुलधाम गौशाला की बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा के सम्बन्ध मे सदस्यो द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। गौ सेवा के प्रति भावनात्मक रूप रखने वाले मनावर शहर एवम आसपास के गांवो के वरिष्ठो को कार्यक्रम मे आमंत्रित किया गया। बैठक में जितेन्द्र सोनी अरविंद , महेश हिरोडकर, दिनेश जौहरी ,लक्षण मुकाती,राजेंद्र पांडे रमेश कुशवाह, अशोक हम्मड, मालविया ,पटवा,विशाल दामके एवम अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद की विभागीय बैठक महेश्वर में संपन्न हुई




**महेश्वर।** विश्व हिंदू परिषद खरगोन विभाग की बैठक महेश्वर के नर्मदा भवन में हुई जिसमें खरगोन, बड़वाह, सेंधवा ,बड़वानी के दायित्वान कार्यकर्ताओं के साथ संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, मालवा प्रांत के प्रांत मंत्री विनोद शर्मा एवं विभाग मंत्री मनोज वर्मा उपस्थित थे । बैठक दो सत्रों में हुई जिसके प्रथम सत्र में आलोक कुमारका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से परिचय ,व्रत और आगामी कार्य योजना की जानकारी ली साथ ही सामाजिक समरसता के कार्य को अति महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए कार्यकताओं से समरसता कार्यक्रम में बढ़ोतरी करने की चर्चा भी की ।द्वितीय सत्र में कार्यकताओं की जिज्ञासा व समाधान पर चर्चा हुई। जिसके तहत कार्यकताओं की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान मंचीय अधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में प्रांत सहमंत्री महेश आंजना, विभाग संगठन मंत्री वासुदेव पांडया, सरिता दीदी बाफना ,राजा चौरसिया ,उमा दीदी बैसवार के साथ सभी जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बड़वानी जिले में 13 अप्रैल से प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ

**बड़वानी।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) की तैयारियों के अंतर्गत बड़वानी जिले में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक 13 अप्रैल 2026 से जिले के सभी तहसील चार्जों में प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिले के प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स द्वारा बैचवार प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बैच में अधिकतम 50 प्रशिक्षणार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक बैच का प्रशिक्षण तीन दिवस का होगा।

### सद्भावना मंच व्दारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन

**खंडवा।** मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक समानता, महिला शिक्षा और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए उनके व्दारा किये गये संघर्ष को याद कर जयंती मनाई जाकर नमन किया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि बा एक महान भारतीय समाज सुधारक, विचारक और कार्यकर्ता थे, जिन्होंने जाति प्रथा, महिला उत्पीड़न और अशिक्षा के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने पुणे में सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए पहला विद्यालय खोला। सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को समानता और अधिकार दिलाना था।ज्योतिबा फुले की जयंती हमें उनके द्वारा शुरू किए गए सामाजिक सुधारों और समानता के सपनों को याद करने और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंदपाल तोमर, डॉ.जगदीशचंद्र चौरे, त्रिलोक चौधरी, डॉ एमएम कुरैशी, राधेश्याम शाक्य, निर्मल मंगवानी, आदि उपस्थित थे।

# धर्मविरोधी षड्यंत्रों को रोकने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तत्पर रहकर इनका मुकाबला करना होगा -सांसद पटेल

## दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ करही



भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत महेश्वर विधानसभा के करही मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हुआ। समापन सत्र को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने भाजपा संगठन की कार्यपद्धति और प्रशिक्षित कार्यकर्ता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए संगठनात्मक शक्ति का महत्व सर्वोपरि है। सांसद पटेल ने विशेष रूप से कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुए कहा कि देश में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विरुद्ध रचे जा रहे धर्मविरोधी षड्यंत्रों को रोकने के लिए सभी सनातनी कार्यकर्ताओं को सजग और तत्पर रहकर इनका डटकर मुकाबला करना होगा।

कार्यक्रम में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान किसान मोर्चा संभाग प्रभारी जीतू यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान कार्यकताओं ने जो अपमान झेला है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

विधायक मेव के सोशल मीडिया प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण चावड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक दृढ़ करना है।समापन सत्र के दौरान करही मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गौड़, मंडल प्रभारी अमिता मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश जाट, भगवान दादा, मनोज शर्मा, खेमराज जैन, अजित छाजेड़, राजेश डोसी, महेंद्र सोनी, सुशील वर्मा सहित युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और बूथ स्तर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से राष्ट्र सेवा के संकल्प और 'नर्मदे हर' के जयघोष के साथ किया गया।

# पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत विकासखण्ड पाटी में विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आठवां पोषण पखवाड़ा है, जिसका उद्देश्य कुपोषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, पोषण स्तर में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। पोषण पखवाड़ा के तहत संतुलित आहार, एनीमिया नियंत्रण, स्वच्छता, स्तनपान को बढ़ावा, पूरक आहार, तथा कुपोषित बच्चों की पहचान एवं प्रबंधन जैसी प्रमुख गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही समुदाय स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आंगनवाड़ी केन्द्रो मे आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नियमित सत्र के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0-6 वर्ष के बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई।

परियोजना अधिकारी प्रकाश रंगशाही द्वारा बताया कि शिविर में विशेष रूप से कुपोषित ( एसएएम, एमएएम ) बच्चों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें उच्च स्तरीय उपचार हेतु रेफर करने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पूर्व में व्यापक जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं।

# माली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर को भव्य रूप देने का संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



स्थानीय माली समाज द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। समाजजनों ने ओंकारेश्वर स्थित महात्मा फुले मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर युवा समाजसेवी राकेश गेहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक,समाज प्रबोधक,विचारक, लेखक और दार्शनिक थे।

ज्योतिबा का संपूर्ण जीवन शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं समाज सुधार में बीता। माली समाज ज्योतिबा फुले के आदर्शों पर चलकर विद्यार्जन एवं समाज सुधार की दिशा में निरंतर अग्रसर है। माली समाज के समाजसेवी रामदास टांक, टोडरमल सांखला, सुभाष परिहार,गजानंद टांक, राधेश्याम टांक, अशोक टांक,सूरज परिहार,महेश पालेरिया,शेखर सांखला तथा दीपक टांक ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले के कृतित्व एवं योगदान पर प्रकाश डाला।

राकेश गहलोत ने ज्योतिबा फुले मंदिर परिसर में माली-सैनी समाज एवं अन्य सामाजिक बंधुओं के ठहरने हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

वर्तमान में महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में छोटी सी जगह में संचालित हो रहा है। समाजजनों ने भविष्य में इस मंदिर को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर का प्रबंधन मप्र मारवाड़ी माली समाज धर्मार्थ एवं पारमार्थिक ट्रस्ट ओंकारेश्वर द्वारा किया जा रहा है।

# सभी को एक साथ मिलकर बीजेपी को विजय बनाना है- संभाग प्रभारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मनावर




धार ग्रामीण भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जन्म जयंती जिलेभर में प्रत्येक बूथ स्तर पर धूमधाम से मनाने व भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी से परिचय हेतु आयोजित जिला बैठक में इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत जिला प्रभारी राधेश्याम यादव मनावर जिला कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने संगठन के आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी अतिथियों के समक्ष जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों को दी। इसके उपरांत जिला प्रभारी राधेश्याम यादव ने संगठन की बारीकियों को समझाते हुए अपने जीवन के अनुभव को साझा किया। अंत में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि हमें जो दायित्व मिला है। वह केवल एक पद नहीं बल्कि भविष्य की वह जिम्मेदारी है जिसे लेकर राष्ट्र निर्माण का दायित्व हमारे ऊपर बढ़ जाता है। संभाग प्रभारी ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा ल, कि आप से मेरा परिचय आपकी घोषणा के बाद आज हो रहा है। मैं लंबे समय से संगठन के कार्यों के चलते जिले के प्रवास पर नहीं आ पाया हूं। इसलिए आज आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। इस दौरान प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, पूर्व मंत्री जगदीश मुवेल, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, राज बर्फा, पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, पूर्व विधायक मुकामसिंह किराड़े, सहित भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षगण देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# मल्टी स्पेशलिटी ऑल इज वेल अस्पताल में निःशुल्क हृदय रोग शिविर



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा दिनांक १२ अप्रैल रविवार को हॉस्पिटल परिसर में निःशुल्क हृदय रोग विभाग के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 102 से अधिक मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेन्द्र सिंह ठाकुर एवं जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अकरम खान द्वारा हृदय रोग से संबंधित बीमारियों के उपचार तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तृत परामर्श दिया गया।

शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क ईसीजी, २डी इको, शुगर जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। यह स्वास्थ्य शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# किल्लौद में कांग्रेस की नवीन ब्लॉक कमेटी गठित, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा



ग्राम गरबड़ी में कांग्रेस पार्टी की नवनियुक्त जिला कार्यसमिति की घोषणा के बाद ग्राम गरबड़ी में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे जिले में राजनीतिक गतिविधियां तेज नजर आईं।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने की। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन ने जिन कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया है, अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। घोषित सूची के अनुसार किल्लौद से जिला कांग्रेस कमेटी में जिला महामंत्री पद पर आनंद सिंह कलम, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह तोमर ,सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप राठौर को नियुक्त किया गया है। मंडलम अध्यक्ष के रूप में शेर सिंह तोमर, रमेश चौहान ,जितेन्द्र देवड़ा और ग्राम पंचायत अध्यक्ष, अमरचंद मीणा, गोविंद बरमलाए ,चेनसिंग ठाकुर, अभिमन्यु सेन, बसंत मिश्रा, मोहन चौहान ,यशपाल सिंह, आधार अंबाखाल ,पंकज देवड़ा को जिम्मेदारी दी गई है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस प्रभारी डॉ रामकिशोर दोगने ,पूर्व विधायक ठा. राजनारायण सिंह पुरनी,ग्रामीण जिला अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए किसानों और जनता की आवाज तक पहुंचाना होगा।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं हरदा ,पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पवार, बद्री पटेल सांगवा खिरकिया, बलॉक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी, आदि उपस्थित थे।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता

**बड़वानी।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अपहृत बालक/बालिका की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के पालन में जिला बड़वानी में पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर तथा एसडीओपी श्री महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना पाटी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को ढूंढ कर बरामद किया गया। दिनांक 28 मार्च को एक व्यक्ति द्वारा थाना पाटी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाया गया है। सूचना पर थाना पाटी में अपराध क्रमांक 93/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया।

### महुआ बिनने गई बालिका पर तेंदुए ने किया हमला

**खंडवा/मुंदी।** शनिवार को पुनासा-नर्मदा नगर वन क्षेत्र मे बड़ा हादसा हों गया। मिली जानकारी के अनुसार नर्मदा नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुनासा चौकी के जंगल में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां १० साल की एक मासूम बच्ची महुआ बीनने जंगल गई थी, तभी अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ बच्ची के सिर को पकड़कर उसे जंगल की ओर ले जाने लगा। घटना के दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए पत्थर मारकर तेंदुए को भगाया और बच्ची को उसके चंगुल से छुड़ाया।इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और परिजनों के साथ बच्ची को तुरंत पुनासा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में खंडवा जिला अस्पताल रेफर किया गया। विदित हो कि नर्मदा नगर और मांधाता क्षेत्र के जंगलों में तेंदुए की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।इससे पहले भी कई बार तेंदुए द्वारा मवेशियों का शिकार किया जा चुका है, और कई जगहों पर तेंदुए के दिखने के वीडियो भी सामने आये।

### लायन्स भोजन सेवा केंद्र कर्मचारियों का किया सम्मान

**खण्डवा।** लायंस क्लब खंडवा द्वारा संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर में लायंस क्लब खंडवा के सक्रिय साथी व समाजसेवी रितेश गोयल व मित्र मंडल द्वारा मरीजों ,परिजनों एवं जरूरतमंदों को टेबल कुर्सी पर बैठा कर भोजन कराया गया। रितेश गोयल एवं मित्र मंडल द्वारा अपने हाथों से भोजन मिठाई परोसी गई ।

# देपालपुर का नाम अमरनाथ मेडिकल बोर्ड सूची से बाहर, श्रद्धालुओं में रोष

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ देपालपुर

हर वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए गठित किए जाने वाले मेडिकल बोर्ड में देपालपुर का नाम नियमित रूप से शामिल किया जाता रहा है, जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं को स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध हो जाती थी। किंतु इस वर्ष किसी प्रशासनिक त्रुटि के चलते देपालपुर का नाम सूची से हटा दिया गया है, जिससे क्षेत्र में असंतोष की स्थिति निर्मित हो गई है।

जानकारी के अनुसार, देपालपुर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बफार्नी के दर्शन हेतु यात्रा पर प्रस्थान करते हैं। पूर्व वर्षों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देपालपुर में मेडिकल परीक्षण की व्यवस्था होने से यात्रियों को अत्यंत सुविधा मिलती थी। लेकिन इस बार नाम विलोपित होने के कारण हजारों श्रद्धालुओं को लगभग ५० किलोमीटर दूर इंदौर जाकर अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षण कराना पड़ रहा है।

इस निर्णय का सर्वाधिक प्रभाव बुजुर्ग, महिलाएं एवं ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों पर पड़ रहा है। अतिरिक्त दूरी तय करने में समय, धन और श्रम—तीनों का व्यय बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को परिवहन सुविधा के अभाव में विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति पूर्णतः प्रशासनिक समन्वय के अभाव का परिणाम प्रतीत होती है। इस संबंध में बाबा बफार्नी सेवा समिति सक्रिय भूमिका निभा रही है। समिति के जिला संयोजक केदार पंड्या ने बताया कि भोपाल से लेकर इंदौर तक संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर स्थिति से अवगत कराया गया है। समिति निरंतर प्रयासरत है कि देपालपुर को पुनः मेडिकल बोर्ड की सूची में शामिल कराया जाए, ताकि क्षेत्रीय श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि त्रुटि का तत्काल परीक्षण कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए देपालपुर को पुनः अधिकृत मेडिकल बोर्ड केंद्र के रूप में अधिसूचित किया जाना आवश्यक है। क्षेत्रीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को अब प्रशासनिक निर्णय की प्रतीक्षा है। यदि शीघ्र पहल नहीं की गई तो आगामी दिनों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जा सकती है।

## न्यूज -कॉलम

### महिला बोली आंख में मिर्ची झोंक युवक ने किया हमला

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के मेला रोड पर कपडे की दुकान लगाने वाली जया पिता सुभाषचंद्र जैन 43 साल निवासी महादेव कालोनी जेल रोड ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सुबह दुकान खोलने पहुंची थी, तभी एक युवक सीढ़ियों से ऊपर जाता दिखाई दिया। जिसे रोका तो उसने आंखों में मिर्ची झोंक दी और नुकीली वस्तु से हमला कर भाग निकला। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। महिला उक्त हमलावर का हुलिया तक नहीं बता पा रही है। घटनास्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि उन्होने ऐसे कोई घटना होते नहीं देखी। महिला को हाथों पर खरोंच जैसे निशान है। जो किसी नकुली वस्तु के भी प्रतीत नहीं हो रहे है। मामला संदेहास्पद दिखाई दे रहा है। फिलहाल मामले का सच पता करने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। जल्द ही घटना का सच पता लगाया लिया जायेगा।

### जूना सोमवारिया में 2 पक्षों के बीच चली लाठियां

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के जूना सोमवारिया में पत्ती बाजार लगता है। जहां पशुओं के लिये पत्ती बेचने के लिये आसपास के गांवों के लोग आते है। घट्टिया तहसील के पानबिहार से विरेन्द्र पिता विक्रम बागरी और रमेश पिता औंकार बागरी शनिवार-रविवार रात पत्ती लेकर पहुंचे थे। जहां पत्ती बेचने की बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बड़ गई कि दोनों में लाठियां चल गई। उनके साथ आये साथी भी एक दूसरे पर लाठियां लेकर टूट पड़े। दोनों ओर से 3-4 लोग घायल हो गये। मामले में जीवाजीगंज पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### रंजीश में आधी रात को 2 भाईयों पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** नीलगंगा अखाडे के पीछे हनुमान मंदिर के पास शनिवार-रविवार रात 12 बजे मामा-भानेज की दरगाह के पास रहने वाले 2 भाईयों आकाश पिता नंदकिशोर प्रजापत 30 साल और अनिल प्रजापत 32 साल पर चाकू से क्षेत्र के ही बदमाश विक्की उर्फ कालू तोमर ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों भाई गंभीर घायल हो गये। उन्हे लहूलुहान हालत में चरक अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना एएसआई श्रवण भदौरिया अस्पताल पहुंचे और घायल भाइयों के बयान दर्ज किये। इस दौरान मामला पुरानी रंजीश का सामने आया। एएसआई भदौरिया के अनुसार मामले में जानलेवा हमले की धारा में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि चाकू से हमला करने वाला बदमाश घायल भाईयों में से एक की पत्नी कॉल कर परेशान करता था। पूर्व में समझाईश दी गई थी, लेकिन बदमाश अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। रात में दोनों भाई उसे दोबारा समझाने पहुंचे थे। उसी दौरान हमला हुआ।

### सड़क दुर्घटना में 2 घायलों की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** कायथा और सांवेर में हुई 2 सड़क दुर्घटनाओं में मामले में घायलों को उपचार के लिये उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार को दोनों घायलों की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि एक दुर्घटना का मामला कायथा में हुआ था। जिसमें 18 साल का तनिष्क पिता मनमोहन कमोडिया घायल हुआ था। दूसरा मामला सांवेर का सामने आया है। जिसमें गुजरात के दाहोद में रहने वाला करण पिता रमेश 35 साल घायल हुआ था। दोनों की रविवार सुबह मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दोनों मामलों में मर्ग डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### तेजगति से आये टैंकर ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

**उज्जैन।** भैरवगढ़थाना क्षेत्र के ग्राम रूई में भैरू महाराज मंदिर के सामने उन्हेल रोड पर रात 2.30 बजे तेजगति से दौड़ते टैंकर ने मार्ग पर बने घरों के सामने खड़ी स्वीफ्ट डिजायर, मारूति सुपर केवी और महिन्द्रा गाडी को टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। तीन वाहनों को टक्कर मारने के बाद टैंकर चालक भाग निकला। तीन वाहन क्षतिग्रस्त होने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में स्वीफ्ट मालिक पंकज पिता सुभाष जैन की शिकायत पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आशंका जताई जा रही है कि टैंकर चालक नशे में हालत में था, जो रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाया था।

### जिलाबदर को रासुका में भेजा जेल

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के बदमाश सलमान को अपराधिक गतिविधियों के चलते कुछ माह पहले 6 माह के लिये जिलाबदर किया गया था। शनिवार-रविवार रात रात्रि गश्त के दौरान जिलाबदर बदमाश के गंगावाड़ी मेला ग्राउंड डीपी के पास घूमते हुए एसआई सुखसेन अरियाम को दिखाई दिया। एसआई ने गश्त टीम के साथ घेराबंदी कर जिलाबदर बदमाश को पक?ा और थाने लेकर आये। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि बदमाश के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की मांग रहा था विशेष अनुमति...

# परिचय पत्र मांगने पर खुला फर्जी संयुक्त सचिव का राज





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

केन्द्र सरकार का संयुक्त सचिव बताकर परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की विशेष अनुमति मांगने वाले व्यक्ति का राज उस वक्त खुल गया, जब उससे परिचय पत्र मांगा गया।

पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर केस दर्ज किया और प्रतिबंधात्मक धारा में न्यायालय पेश किया। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति अधिकारी प्रथम कौशिक को दिल्ली के द्वारकापुरी में रहने वाले अतुल कुमार पिता राजीव रंजन प्रसाद ने 2 दिन पहले कॉल किया और बताया कि केन्द्र सरकार में संयुक्त सचिव होना बताकर 12 अप्रैल को परिवार के साथ महाकालेश्वर बाबा की भस्मारती में शामिल होने की बात कहीं। अतुल कुमार द्वारा जिला प्रशासन प्रोटोकॉल अधिकारी को भी कॉल किया और सर्किट हाऊस में 2 कमरे बुक कराने की बात कहीं। शनिवार को अतुल कुमार पत्नी, बच्चों और दोस्त अंशुल अग्रवाल के परिवार के साथ उज्जैन पहुंचा। उसने सर्किट हाऊस में कमरे बुक होने की बात कहीं। स्टॉफ ने परिचय पत्र मांगा तो आनाकानी करने लगा। जिसके चलते संबंधित मंत्रालय से जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि इस नाम का कोई अधिकारी पदस्थ नहीं है। मामला फर्जी अधिकारी का उजागर होने पर पुलिस को सूचना दी गई। महाकाल थाना पुलिस ने रात में अतुल कुमार को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि फर्जी संयुक्त सचिव बनकर भस्मारती की अनुमति मांगने पर उसके खिलाफ धारा 319 (2) और 204 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं रविवार को प्रतिबंधात्मक धारा में कोर्ट पेश किया। जहां से जमानत पर उसे रिहा कर दिया गया।

### पूर्व में एयरपोर्ट पर करता था काम

बताया जा रहा है कि खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी और केन्द्र सरकार के एविएशन मंत्रालय में संयुक्त सचिव बताने वाला अतुल कुमार पूर्व में एयरपोर्ट पर काम करता था। जहां उसने एयरपोर्ट पर आने वाले मंत्री, अधिकारियों को देख अपने हावभाव उनके जैसे करना शुरू कर दिया था। उसके बाद उसने अपनी धाक जमाने के लिये फर्जी अधिकारी बनकर भस्मारती की अनुमति प्राप्त करने का प्रयास किया।

### दोस्त बोला पता नहीं था ऐसा करेगा

फर्जी संयुक्त सचिव के साथ आये दोस्त अंशुल अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उन्हे पता नहीं था कि अतुल इस तरह का काम करेगा। उज्जैन आने से पहले ही अतुल से ऑनलाइन होटल बुक कराने की बात कहीं थी। उसने कहा था कि सब हो जायेगा। अतुल की पत्नी भी पति की हरकतों से खुद को अंजान बता रही थी।

# दोस्ती कर चुराया था मोबाइल, खोते से निकाले थे हजारों रूपये

## 43 दिन बाद दिल्ली से जीआरपी की गिरफ्त में आया शातिर बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



रेलवे स्टेशन पर अंवतिका होटल की डोर मेटरी में ठहरे यात्री से दोस्ती कर उसका मोबाइल चोरी करने के बाद खाते से रूपये निकालने और दोस्तों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराने वाला शातिर बदमाश को जीआरपी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 28 फरवरी को दिल्ली के मयूर विहार में रहने वाले गोपाल गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अवंतिका होटल में ठहरे था। उसकी पहचान होटल में उत्तरपूर्वी दिल्ली के रहने वाले आशु कौशिक से हुई थी। रात में आशु मोबाइल चुराकर भाग निकला है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई, इस बीच पता चला कि गोपाल गुप्ता के वाट्सग्रुप से जुडे दोस्तों को उसने मैसेज कर हजारों रूपयों का ट्रांजेक्शन भी करा लिया है। यहीं नहीं मोबाइल के जरिये खाते से रूपये भी निकाले है। मामला गंभीर होने पर सायबर टीम की मदद ली गई और चोरी किये गये मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया। 43 दिन बाद लोकेशन मिलने पर आशु कौशिक को उत्तरपूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार कर चोरी किया 45 हजार कीमत का सेमसंग मोबाइल और 5 हजार रूपये बरामद किये गये। उसके पास से 72 हजार रूपये कीमत का वन प्लस मोबाइल भी मिला। उज्जैन लाकर पूछताछ करने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ और पता चला कि पूर्व में आशु द्वारा अपने दोस्त का मोबाइल चोरी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था। दिल्ली में उसके खिलाफ प्रकरण भी दर्ज है। शातिर मोबाइल चोरी के गिरफ्त में आने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### फोन-पे एप्लीकेशन से पता किया पासवर्ड

मोबाइल चोरी कर हजारों का रूपये ट्रांजेक्शन कराने वाले आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने गोपाल गुप्ता से दोस्ती की थी। वह साथ में उज्जैन के धार्मिक स्थलों पर घूमा और साथ खाना खाया। इस दौरान उसने गोपाल को मोबाइल का उपयोग करते देख लिया था और पेटर्न लॉक पता कर लिया था। रात में मोबाइल चुराने के बाद उसने फोन पे एप्लीकेशन से पासवर्ड प्राप्त किया और खाते से कुछ रूपये निकाले। उसके बाद वाट्सएप ग्रुप में गोपाल के दोस्तों को मैसेज कर रूपयों की जरूरत होने पर खाते में ट्रांजेक्शन कराया। उसके बाद ऋषिकेश पहुंचकर दोस्तों से कराये गये ट्रांजेक्शन से वन प्लस मोबाइल खरीदा था।

### बिहार को बदमाश

जीआरपी थाना प्रभारी भावसार के अनुसार रविवार को रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 के मुसाफिर खाने से यात्री ओमप्रकाश मेघवाल निवासी नीमच का चार्जिंग पर लगा मोबाइल चोरी हो गया था। मामले में आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के समन्वय से प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और 8 घंटे में मोबाइल चोरी करने वाले बिहार पूर्वी चंपराण के ग्राम छिटकहिया रामग?वा रघुनाथपुर के बदमाश जमाल रेजा पिता जाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया।

# तपोभूमि चौराहा से भागने की फिराक में थी लुटेरी दुल्हन

**उज्जैन।** इंदौररोड तपोभूमि चौराहा से लुटेरी दुल्हन के भागने का चौकाने वाला मामला सामने आया है। यातायात निरीक्षक की सूचना पर नानाखेडा थाना पुलिस ने दुल्हन को हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल साथियों की तलाश शुरू की है।

यातायात निरीक्षक खेमराज पहाडिया तपोभूमि चौराहा पर टीम के साथ वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान इको गाडी क्रमांक एमपी 20 सीबी 8261 को रोका गया, उसमें कुछ लोग सवार थे। तभी गाडी में बैठी एक महिला ने कहा कि उसे जबरदस्ती लेकर जा रहे है। सभी को गाडी से बाहर निकाला गया, उसी दौरान महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन गाडी में सवार महिला और कुछ लोगों ने भाग रही महिला को पकड लिया। यातायात निरीक्षक पहले तो कुछ समझ नहीं पाये, जब पूछताछ की गई तो पता चला मामला लुटेरी दुल्हन गिरोह और लेनदेन से जुडा है। तत्काल मामले की सूचना नानाखेडा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और लुटेरी दुल्हन के साथ सभी को थाने ले आई। जहां श्यामा पति कवंरलाल मोंगिया निवासी ढिकनीया धमोत्तर प्रतापगढ़ राजस्थान की शिकायत पर लुटेरी दुल्हन ज्योति पति धर्मेन्द्र जाट, उसके गिरोह में शामिल संगीता निवासी इंदौर और काजी कुमावत निवसी ग्राम रेवास देवडा मंदसौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। थाना



प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि गिरोह में शामिल साथियों की तलाश जारी है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा। शिकायतकर्ता श्यामा मोंगिया ने बताया कि उसके भाई पप्पू की शादी के लिये रिश्ता देख रहे थे। इस दौरान गांव अम्बाउ में रहने वाली मम्मी कमलाबाई ने कहा कि गांव आजा तेरे भाई पप्पू के लिये रिश्ता देखा है। वह गांव पहुंची तो पता चला कि ग्राम रेवासदेवडा के काजी कुमावत ने इंदौर में लडकी दिखाने की बात कहीं है। वह किराये की गाडी से बहन पेपाबाई, भाई पप्पू और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किराये की गाडी से इंदौर पहुंचे। काजी ने 4 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराया। इंदौर पहुंचने पर काजी एक मकान पर ले गया। जहां ज्योति और संगीता मौजूद थे। ज्योति से शादी कराने की बात कहीं और डेढ़ लाख रूपये मांगे। रूपयों की पहले ही बात तय हो गई थी। काजी को रूपये दिये गये। उसने ज्योति को साथ भेजा दिया और खुद दूसरी गाड़ी से उज्जैन चलने के लिये कहा, जहां शादी की लिखा-पड़ी करना तय हुआ था। लेकिन रास्ते में ज्योति ने भागने का प्रयास किया।

# ढांचाभवन में युवक को लगी गोली की उलझी गुत्थी

**उज्जैन।** ढांचाभवन में शनिवार-रविवार युवक को लगी गोली की गुत्थी उलझती दिखाई दे रही है। गोली लगाने का जहां स्थान बताया गया वहां खून का काफी कम स्पॉट मिला है। आसपास के लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनाई नहीं देने की बात कहीं। वहीं एक मकान में काफी खून मिलना भी सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि घटना साजिश हो सकती है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपीन माहुरकर 18 साल घायल हालत में रात को थाने पहुंचा था और बताया था कि एक्टिवा से आये 2 नकाबपोशों ने उसे गोली मारी है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद जांच शुरू की गई। इस दौरान जहां घटना होना बताई गई वहीं खून काफी कम मिला है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने उन्होने भी गोली चलने की पुष्टि नहीं की।

घायल के बयान दर्ज करने पर उसका कहना था कि एक नकाबपोश के हाथ टेटू बना हुआ था, जो आला बाथम के हाथ भी है। उससे एक माह पहले विवाद हुआ था। गोली मारने वाला आला बाथम है। उसने बताया कि घटना के बाद बंटी मालवीय ने उसे रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर के घर छोड़ा था। बंटी से पूछताछ करने उसने छोडने की बात से इंकार कर दिया। उसका कहना था कि अतिक ने एक्टिवा मांगी थी, उसके बाद अतिक को छो? चला गया था। उसे घटना का पता नहीं है। मनोहर गुर्जर का नाम सामने आने पर पुलिस वहां पहुंची तो काफी खून होना पाया गया है, मामले की जांच जारी है। घायल के कहने पर हमले का प्रकरण दर्ज किया गया है। आला बाथम का पता लगाया जा रहा है, उसके शहर से बाहर होने की खबर सामने आ रही है। फिलहाल क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

### तापमान में आने लगी तेजी

**उज्जैन।** मौसम साफ होने पर 2 दिनों से तापमान में तेजी दर्ज की जा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले 10 अप्रैल को तापमान 35 डिग्री दर्ज हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार पिछले दिनो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते तापमान में कमी आई थी। लेकिन अब मौसम पूरी तरह से साफ है, जिसके चलते तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

# ऋषिनगर में फंदे पर लटकी मिला नवविवाहिता महिला

### कराया जायेगा पोस्टमार्टम

**उज्जैन।** घर पर अकेली नवविवाहिता ने रविवार दोपहर को फांसी लगा ली। परिजन घर लौटते तो उसका शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। गुना में रहने वाले मायके पक्ष के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक रवि शर्मा ने बताया कि दोपहर में ऋषिनगर में रहने वाली शालू पति दीपक शर्मा 26 साल का शव घर के कमरे में लटका होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि शालू का पति एमपीईबी में पदस्थ है। परिवार के सभी सदस्य बाहर गये थे, शालू घर पर अकेली थी, लौटने दरवाजा खुला हुआ था, अंदर कमरे में जाने पर शालू लटकी मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शालू और दीपक का चार साल पहले विवाह हुआ था। मायका गुना में है। घटना से मायके पक्ष को अवगत कराया गया है। उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जिस कमरे में फांसी लगाई गई है उसे सील कर दिया गया है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मायके पक्ष के बयान दर्ज किये जायेगें।


### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र ओमप्रकाश तिन्ना जिसकी आयु- 37 वर्ष है, जिसका विवाह अनिता आडवानी पिता वासुदेव आडवानी के साथ उज्जैन में हुआ था। मेरा पुत्र ओमप्रकाश और उसकी पत्नी अनिता का व्यवहार मेरे स्व मेरे परिवार के साथ अच्छा नहीं रहा और इन दोनों की वजह से मुझे व मेरे परिवार को आर्थिक, शारीरिक व मानसिक नुकसान हुआ। इस कारण से मैंने इन दोनों पति-पत्नी को अक्टूबर-2025 से अपने परिवार से अलग कर दिया है। अनिता आडवानी अपनी स्वैच्छा से मुझे व मेरे परिवार को बताये बगैर अपने पिता श्री वासुदेव आडवानी तथा उनके रिश्तेदार के साथ मायके कैलाशपुरी, हरि पर्वत जनपद आगरा चली गई है और ये दोनों पति-पत्नी अक्टूबर-2025 से ही मुझसे व मेरे परिवार से अलग रह रहे हैं। और मेरा पुत्र ओमप्रकाश तिन्ना व उसकी पत्नी अनिता आडवानी भी अक्टूबर-2025 से ही मेरे निवास स्थान 333, एल.आई.जी. 2 इंदिरा नगर, उज्जैन में निवास नहीं कर रहे है। सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से ओमप्रकाश तिन्ना व उसके पत्नी अनिता आडवानी से कोई संपर्क या व्यवहार नहीं है। मेरी लिखित सहमति के बगैर यदि कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि इन दोनों पति-पत्नी से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन या व्यवहार करते हैं तो उसके लिये वे स्वयं जवाबदार होंगे, उसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 11.04.2026

**प्रेमचंद तिन्ना पिता स्व. तेजूमल तिन्ना**
**333, एल.आई.जी. 2 इंदिरा नगर, उज्जैन**
**मो. 9826233182**



SBI

भारतीय स्टेट बैंक
भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

**भारतीय स्टेट बैंक**
**चिमनगंज मंडी शाखा (03648) उज्जैन (म. प्र.)**
**जनहित सूचना (PUBLIC NOTICE)**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक के CSP (Customer Service Point) आनंद बागड़िया कोड न. 32804641 (लिंक शाखा चिमनगंज मंडी उज्जैन) के माध्यम से किए गए लेन-देन में अनियमितताओं / धोखाधड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई। इस के आधार पर गहन जांच की जाना प्रस्तावित है । इस हेतु बैंक ने Crystallization Committee का गठन किया है जो संबंधित CSP संचालक/व्यक्ति द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की जांच की जावेगी, जिससे बैंक एवं ग्राहकों को आर्थिक हानि हुई है।

अतः जिन ग्राहकों/व्यक्तियों को उक्त CSP के माध्यम से किसी प्रकार की वित्तीय हानि हुई है, वे गुरुवार दिनांक 16/04/2026 को अपने दावे/आपत्तियाँ आवश्यक प्रमाणों (जैसे पासबुक, रसीद, ट्रांजेक्शन डिटेल आदि) सहित बैंक की संबंधित शाखा/कार्यालय में उक्त दिनांक को प्रस्तुत करें। ताकि दावो और ग्राहकों को हुयी आर्थिक हानि का आकलन किया जा सके ।


निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

यह सूचना जनहित में जारी की जा रही है।

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**वाणिज्य शाखा चिमनगंज**
**(ब्रांच मैनेजर/अधिकृत अधिकारी)**
**भारतीय स्टेट बैंक**
**चिमनगंज मंडी शाखा उज्जैन (म. प्र.)**

दिनांक: 10.04.2026

## ऐसे खोजिए सच्चा दोस्त



सर आप एक सफल व्यक्ति हैं, क्या आपको अपने जीवन में कोई कमी महसूस होती है?

विश्व के सबसे अमीर लोगों में से एक 'हेनरी फोर्ड' जब अपनी कीर्ति और कमाई की ऊंचाईयों तक पहुंच गए तो एक पत्रकार ने उनसे पूछा था, 'सर आप एक सफल व्यक्ति हैं, क्या आपको अपने जीवन में कोई कमी महसूस होती है?' हेनरी फोर्ड बोले, 'मेरे पास सब कुछ है लेकिन मेरा कोई सच्चा दोस्त नहीं है। यदि मुझे फिर से जीवन शुरू करना हो तो मैं सबसे पहले मित्रों की तलाश शुरू करूंगा। इसके लिए मुझे सारा धन ही क्यों न खर्च कर देना पड़े।'

इस बीच उस पत्रकार ने कहा, 'तब आपको दोस्त तो कई मिल जाएंगे लेकिन सच्चा दोस्त मिलना फिर भी मुश्किल होगा।' हेनरी ने पूछा, 'ऐसा क्यों?' तब उस पत्रकार ने कहा, 'क्योंकि आप आप केवल धन बांटने को तैयार हैं। यश बांटने को नहीं। इस दुनिया में अहंकार( ईगो) को मिटाए बिना संसार की भले ही सारी निमायतें मिल जाएं, लेकिन सच्चा दोस्त कभी नहीं मिल सकता। अगर किसी में यह नहीं है तो वही आपका सच्चा दोस्त बन सकता है। हेनरी को अपनी बात पर बहुत शर्मिंदा होना पड़ा, उन्होंने माना कि उनके बुढ़ापे में ऐसा कोई दोस्त नहीं है जिसके साथ बैठकर वह व्यक्तिगत समस्याएं, साहित्य, राजनीति आदि समस्याओं के बारे में खुलकर बात कर सकें।

**सम्पादकीय**

# करोड़ों मतदाता कम हुए

भारत के चुनाव आयोग ने अभी तक जिन राज्यों व केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा किया है उनमें कुल पांच करोड़ 58 लाख मतदाता अवैध पाये गये हैं। इनमें सर्वाधिक दो करोड़ पांच लाख मतदाता उत्तर प्रदेश के हैं। हालांकि प्रतिशतता के हिसाब से सबसे ज्यादा 13.40 प्रतिशत मतदाता गुजरात राज्य के कम हुए हैं। मगर इस प्रदेश की आबादी उत्तर प्रदेश के मुकाबले कम है इस वजह से मतदाताओं की संख्या उत्तर प्रदेश के मुकाबले कम है क्योंकि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से बाहर हुए मतदाताओं का प्रतिशत 13.23 है। हालांकि चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण दो चरणों में पूरा किया है क्योंकि बिहार राज्य में पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनावों से पूर्व ही पुनरीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया था। इस प्रकार कुल दस राज्यों व तीन केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण का काम किया। इनमें उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी को देखते हुए दूसरे चरण का काम सबसे बाद में 10 अप्रैल तक पूरा हो सका।

सवाल यह है कि एक तरफ जब देश की आबादी लगातार बढ़ रही है तो दूसरी ओर मतदाताओं की संख्या कम क्यों हो रही है? इसका तार्किक उत्तर चुनाव आयोग यह दे रहा है कि पिछला विशेष पुनरीक्षण का कार्य 20 साल पहले हुआ था और इस बीच भारत की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) में खासा अन्तर आया है। भारी संख्या में लोगों का गांवों से शहरों की तरफ पलायन हुआ है। लोग रोजी-रोटी की तलाश में बड़े शहरों की तरफ जाते रहते हैं मगर उनके मतदाता कार्ड पुराने पते पर ही बने रहते हैं। साथ ही लोगों की मृत्यु होने के बावजूद उनके नाम मतदाता सूचियों में बने रहते हैं और बड़ी संख्या में लोग पुराने स्थान के मतदाता बने रहते हुए भी अपने नये स्थानों पर भी मतदाता बन जाते हैं। पुनरीक्षण में आयोग ने ऐसी सभी विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया है। मगर मतदाताओं के घटने का एक कारण और भी माना जा रहा है कि चुनाव आयोग ने पहली बार मतदाताओं की नागरिकता की जांच के लिए आवश्यक सरकारी कागजात भी मांगे। इस मामले में आयोग को देश के विपक्षी दलों की भारी आलोचना का शिकार भी होना पड़ा और यह समस्या सर्वोच्च न्यायालय तक भी पहुंची। जहां से मतदाताओं को कुछ राहत मिली क्योंकि न्यायालय ने लोगों के आधारकार्ड को उनकी पहचान का सबूत मानने का निर्देश दिया।

### बैसाखी पर्व के अवसर पर विशेष

# वैसाखी का खालसाई महत्व और खालसा का दर्शन

वैसाखी का पर्व अन्य भारतीयों के लिए सामाजिक या सांस्कृतिक पर्व हो सकता है, किन्तु सिक्खों के लिए बहुत बड़ा धार्मिक व ऐतिहासिक पर्व है। बैसाखी के पावन पर्व पर खालसा पंथ और सिक्ख दर्शन के विषय में कहा, लिखा तथा सुना न जाए, यह कैसे हो सकता है! सबको पता है कि खालसा स्वरूप में सजे स्त्री-पुरूष, भुजंगी दूर से ही पहचान लिए जाते हैं। खालसा पंथ की पहचान की विशेषता है कि कोई भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। सिक्खी का दर्शन संसार का श्रेष्ठ, विलक्षण, अद्भुत और महान दर्शन है। इससे अवगत व परिचित होने वाले प्राणी अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकते। सिक्खी के दर्शन में ही सत्य, न्याय, प्रेम, मानवता, समाजवाद व समता के साथ-साथ सहिष्णुता, उच्च आचरण एवं जीवन के सर्वोत्तम आदर्शों के दर्शन किए जा सकते है।



भूषण खुल्लर
(दैनिक अवन्तिका)

सिक्ख चिंतक एवं विद्वान भाई दलबीर सिंघ का कथन है कि खालसा पंथ और सिक्खी का फलसफा बहुत महान् है जो यह संदेश देता है कि सिक्ख धर्म सेवा व परोपकार का माध्यम है। यह ऐसा मिशन (उद्देश्य) है, जो सम्मान विहीन लोगों का सम्मान और असहायों को साहस व ताकत देता है; दूसरों की भर्ला हेतु अपना सर्वस्व बलिदान करने के लिए प्रेरित करता है।

खालसा पंथ की साजना के बारे में इतिहासकारों व विद्धानों का मत है कि इसकी गाथा बहुत अद्भुत व विलक्षण है। इसका विकल्प वैश्विक इतिहास में कहीं और नहीं मिलता। इससे पहले प्रचलित पारम्परिक धर्मों ने अपने-अपने संप्रदाओं व समूहों को अपने-अपने भौगोलिक दायरे में सीमित या कैद कर रखा था। अब यह सर्वविदित है कि खालसा पंथ की साजना में वैसाखी के दिन हुई। श्री गुरु गोबिन्द सिंघ जी ने भिन्न-भिन्न वर्गों में से सामने आए निर्भीक सिक्खों को खंडे बाटे का अमृत छकाकर, जिस प्रकार खालसा पंथ सजाया और फिर स्वयं उन पाँच प्यारों के हाथों अमृत-पान किया, इससे वाह-वाह गोबिद सिंघ आपे गुरु चेला जैसा क्रान्तिकारी दर्शन प्रकट हुआ। प्रताड़ित, दबे कुचले लोगों, जिन्हें निम्न (नीच) तथा अछूत कहा जाता था, की बहादुरी, वफादारी और कुबार्नी की भावना देखकर गुरू जी ने उन्हें अमृत पान करवा कर युद्ध के शस्त्रों-वस्त्रों से लैस कर दिया। यह गीदड़ों (भीरू लोगों) को शेर (शूरवीर) बनाने का दर्शन कहा जा सकता है। इस तरह दशम गुरू जी ने युग परिवर्तन की, मुर्दा समाज में नई जान भरने की नींव रख दी। अन्याय और अत्याचार करने वाली ताकतों को ललकारने व चुनौती पेश करने की क्राँति का आगाज कर दिया। जब जुल्म हद से ज्यादा बढ़ जाए और अन्य सभी प्रयास विफल हो जाएं, तब उन्होंने कृपाण उठाने का हुक्म दिया।

दशम पातशाह जी ने सिक्ख संगत को गुरुबाणी-कीर्तन का ज्ञान देने के साथ-साथ वीर रस से भरपूर वारों के गायन को निरन्तर जारी रखते हुए कवि दरबारों के आयोजन की परम्परा का आगाज किया। टोलियां बनाकर सिक्खों के बीच युद्ध-अभ्यास शुरू करवाया, ताकि सिक्खों में जोश व जज्बा पैदा हो। यह सारी जिम्मेदारी भाई जैता जी तथा (मामा) भाई किरपाल चंद जी को सौंपी गई। गुरू जी ने समय की सरकार के समानांतर और उसके मुकाबले का शक्ति केन्द्र स्थापित करने हेतु स्वयं शाही पोशाक पहनकर तथा सिर पर बादशाहों जैसी कलगी सजाकर पातशाही दरबार लगाना शुरू कर दिया युद्ध का प्रतीक रणजीत नगाड़ा भी तैयार किया गया। हालात को मद्देनजर रख गुरु जी ने सिक्खों को सब जगह संदेश भिजवाया कि वैसाखी के अवसर पर वे अपने शस्त्रों सहित श्री अनंदपुर साहिब इकट्ठा हो। कहा जाता है कि तब वैसाखी के अवसर पर लगभग 80 हजार सिक्ख इकट्ठा हुए थे। उनके समक्ष एक सजे हुए मंच पर खड़े होकर दशमेश पिता जी ने अपने हाथ में कृपाण लहराते हुए फरमान किया - है कोई सिक्ख, जो अपना शीश भेंट करें।

यह फरमान सुनकर संगत में सन्नाटा छा गया। लोग दांतों तले उंगलियॉ दबाए हैरत में पड़ गए कि दशमेश पिता ने वैसाखी के अवसर पर यह कैसा फरमान सुना दिया। कौतूहल के बीच उपस्थित संगत गुरु जी ने नूरानी व रूहानी चेहरे की ओर देखते हुए गंभीरता से सोचने लगी। संगत को अभी यह नहीं पता था कि आज गुरु जी संसार को नया ऐतिहासिक और अद्भुत दर्शन देने वाले हैं, सिक्खों को क्रांतिकारी व दिव्य स्वरूप बख्शिश करने वाले हैं। खालसा स्वरूप अकाल पुरख का ही स्वरूप है। गुरू जी ने अनूठे फरमान का असर सबसे पहले भाई दया राम पर पड़ा। वे उठकर गुरु जी के समक्ष अपना शीश भेंट करने हेतु जा खड़े हुए। उनका हौंसला एवं समर्पण देख गुरु जी प्रसन्न हुए और उन्हें तम्बू में ले गए। कुछ क्षणों के बाद गुरु जी ने लहू से भीगी कृपाण लहराते हुए पुनः शीश की मांग की। इस प्रकार एक के बाद एक और चार सिक्खों - भाई धरमदास, भाई हिम्मत राय, भाई मोहकम चंद तथा भाई साहिब चंद ने अपने शीश गुरु जी के समक्ष अर्पित किए। यह अपनी तरह की एक परीक्षा थी।

दशमेश पिता जी ने उपस्थित सिक्खों की जिज्ञासा को शांत करते हुए उन पाँच समर्पित तथा परीक्षा में पास हो चुके सिक्खों को नए शस्त्र-वस्त्र धारण करवाकर संगत के सामने ला पेश किया। गुरू जी ने पांच सिक्खों को एक ही बाटे में (जात-पांत, ऊंच-नीच को मिटाने का प्रतीक) तैयार किए गए अमृत को छकाकर उन्हें पांच प्यारों की उपाधि बख्शिश की। फिर उन्होंने स्वयं इन पांच प्यारों के हाथों से अमृत पान कर ह्यआपे गुर चेला की अनूठी व शानदार रीति से संगत को रूबरू करवाया। गुर जी ने भाई दया राम को भाई दया सिंघ, भाई धरम दास को भाई धरम सिंघ, भाई हिम्मत राय को भाई हिंमत सिंघ, भाई मोहकम चंद को भाई मोहकम सिंघर तथा भाई साहिब चंद को भाई साहिब सिंघ नाम बख्शिश किया। अंग्रेज विद्धान कनिंघम का कथन है, यह श्री गुरु नानक देव जी के ही हिस्से में आया था कि वे ऐसे मुख्य सिद्धांत अपनाएं, जिनके द्वारा ऊंच-नीच और जात-पात की भिन्नताओं का उसूल खत्म हो जाए। उन्हीं मुख्य उसूलों पर ही श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी ऐसी कौम (खालसा) तैयार की, जो ऊंच-नीच का भेद मिटाकर सबको एक स्तर, बेशक वह धार्मिक था या राजनीतिक, पर ले आई। खालसा स्वरूप में सजे प्रत्येक प्राणी को पांच ककार - केश, कंघा, कड़ा, कछहिरा व कृपाण धारण करने का फरमान सुनाया। खालसा पंथ की अपनी अलग विशेष पहचान है, अपना खास दर्शन है।

## डिजिटल उपवास

धरमपुरा गांव के स्वघोषित समाजशास्त्री 'फरेब सिंह' ने जब प्रधानी के चुनाव में अपनी दावेदारी पेश की, तो उन्होंने गांव वालों को एक नया और डरावना सपना दिखाया– 'डिजिटल नरक'। फरेब सिंह का चुनावी घोषणापत्र किसी धार्मिक ग्रंथ और सॉफ्टवेयर मैनुअल का मिला-जुला खिचड़ी था। उन्होंने तर्क दिया कि गांव की बदहाली का कारण सड़कें नहीं, बल्कि मोबाइल के भीतर बैठा वह 'अदृश्य राक्षस' है जो सबका डेटा और पुण्य एक साथ चबा रहा है। उन्होंने वादा किया कि जीतते ही वे पूरे गांव में 'डेटा-जामर' लगवाएंगे और हर ग्रामीण को एक 'एनालॉग शांति कार्ड' देंगे। उनका दावा था कि जो उन्हें वोट देगा, उसके स्मार्टफोन से निकलने वाली 'नेगेटिव ऊर्जा' को वे एक विशेष सरकारी फिल्टर के जरिए बिजली में बदल देंगे, जिससे गांव के मंदिर की लाइटें मुफ्त में जलेंगी। गांव के लोग, जो रील बनाने और देखने के चक्कर में अपनी फसल और अक्ल दोनों गंवा रहे थे, अचानक 'डिजिटल वैराग्य' के इस क्रांतिकारी विचार पर लट्टू हो गए।

प्रचार के अंतिम सप्ताह में फरेब सिंह ने गांव के तालाब के पास एक 'सोशल मीडिया विसर्जन कुंड' बनवाया। यह वास्तव में एक गहरा गड्ढा था जिसके चारों ओर टूटे हुए कंप्यूटर के कीबोर्ड और माउस लटकाए गए थे। उन्होंने घोषणा की कि जो भी ग्रामीण अपनी 'फेसबुक की बुराइयां' और 'व्हाट्सएप के झूठ' इस कुंड में मानसिक रूप से विसर्जित कर फरेब सिंह को वोट देने का संकल्प लेगा, उसका अगला सात जन्म तक किसी भी 'स्कैम कॉल' या 'लोन मैसेज' से पाला नहीं पड़ेगा। विपक्षी उम्मीदवार 'गपोड़ी लाल' चिल्लाते रहे कि गांव को मुफ्त इंटरनेट चाहिए, लेकिन फरेब सिंह ने उन्हें 'असुर' घोषित कर दिया जो जनता की निजता को खतरे में डालना चाहता है। गांव के बुजुर्गों को लगा कि फरेब सिंह साक्षात कलियुग के यमराज से उनका स्मार्टफोन बचाने आए हैं। लोग अपनी फटी धोतियों के कोने में चिपके पुराने हैंडसेटों की पूजा करने लगे ताकि फरेब सिंह की 'सुरक्षा ढाल' उन्हें मिल सके।

मतदान के अगले दिन जब फरेब सिंह की भारी मतों से जीत हुई, तो पूरा गांव अपना 'डेटा-मुक्ति प्रमाण पत्र' लेने उनके दरवाजे पर कतारबद्ध हो गया।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 अप्रैल 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:12 सूर्यास्त 18:43
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - एकादशी 25:09 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - धनिष्ठा 16:04 उपरांत शतभिषा
योग - शुभ 17:15 उपरांत शुक्ल
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 24 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**कर्क-** व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंह-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**कन्या-** व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी।

**वृश्चिक-** दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा।

**धनु-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है।

**मकर-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**कुंभ-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामायिक**

## समाजिक कलंक है मानव अंगों की तस्करी



लालच का यह खेल देखकर बहुत दुःख होता है। अपनी महत्त्वाकांक्षा के लिए इंसान कितना गिर सकता है, यह सोचकर मन विचलित हो उठता है। देश के नोएडा, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, मेरठ आदि न जाने कितने शहरों-राज्यों में मानव अंगों की अवैध खरीद-फरोख्त का धंधा जोरों पर है।

हाल ही में कुछ शहरों में पुलिस ने ऐसे रैकेट चलाने वालों को पकड़ा है, जिनमें मुख्य रूप से पढ़े-लिखे चिकित्सक शामिल थे। यह कैसी पैसे की भूख है, जिसके लिए वे अपना जमीर बेच रहे हैं ? मानव सेवा की भावना को पूरी तरह छोड़ चुके इन लोगों ने मानव अंगों की अवैध तस्करी का एक संगठित चक्रव्यूह बना रखा है। आश्चर्य की बात यह है, कि केवल नोएडा और दिल्ली में ही 50 से अधिक अस्पताल जांच के घेरे में हैं।

कम समय में बिना मेहनत के अमीर बनने के सपने भले ही आकर्षक लगते हों, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि जिसने हमें इंसान बनाया है, उसके घर देर है, अंधेर नहीं। उसकी लाठी में आवाज नहीं होती। गोरखधंधे करने वालों का अंत हमेशा बुरा ही होता है। ऐसे लोगों को कभी आत्मशांति नहीं मिल सकती, जो मनुष्य के अंगों का सौदा करते हैं। सोचने की बात है, कि इतने पढ़े-लिखे, अति शिक्षित लोग क्या इसी काम के लिए शिक्षित हुए थे ? सामाजिक दृष्टि से मानव अंगों की तस्करी एक दूषित मानसिकता का परिचायक है। जो लोग अपना घर भरने के लिए दूसरों को लूटते हैं, वे समाज के लिए अभिशाप हैं।

वर्तमान समय में मानव अंगों की तस्करी एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। इसमें शामिल लोग नए-नए तरीकों से भोले-भाले लोगों को थोड़े पैसों के लालच में फंसाते हैं और फिर उनके अंगों को विदेशों में ऊँचे दामों पर बेचते हैं। इसे रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा।

सही और गलत का मूल्यांकन करना आवश्यक है। जब तक सामाजिक स्तर पर ऐसे लोगों को बेनकाब नहीं किया जाएगा, तब तक यह समस्या और भी घातक सिद्ध होगी। कानून और पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे, लेकिन समाज की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। हमें अपनी सोच भी बदलनी होगी–ह्नहमें क्या करना, हमें क्या लाभ ?–ऐसी मानसिकता को त्यागना होगा। देश में जहां भी कुछ गलत हो रहा हो, उसे समझना और उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यदि हम चुप रहेंगे, तो ऐसे काले धंधे करने वालों के हौसले और बढ़ेंगे।

मानव तस्करी के खिलाफ सभी को मिलकर आवाज उठानी होगी। मानव अंगों की तस्करी एक सामाजिक कलंक है। आज आदमी, आदमी को चंद पैसों के लिए लूट रहा है–यह अत्यंत चिंताजनक और दुखद स्थिति है। ऐसे लोगों के चेहरे समाज के सामने बेनकाब होने चाहिए। मानवता को शर्मसार करने वाला यह दानवी चेहरा सच में अत्यंत पीड़ादायक है।



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

# दिमाग को तेजी से बूढ़ा कर रही इंसान की ये बुरी आदतें

अगर आप चाहते हैं कि आपका शरीर सही ढंग से काम करे तो इसके लिए मस्तिष्क का स्वस्थ रहना काफी जरूरी माना जाता है। हमारे पूरे शरीर में मस्तिष्क एक अहम भूमिका निभाता है। लेकिन जिस प्रकार इंसान का शरीर बूढ़ा होता है उसी तरह समय के साथ दिमाग भी बूढ़ा होने लगता है। समय के साथ-साथ दिमाग बूढ़ा होने का एक मुख्य कारण आपकी उम्र का बढ़ना है। लेकिन अगर आपका दिमाग शरीर से पहले ही बूढ़ा होने लगे तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। खराब लाइफस्टाइल हेल्दी डाइट ना लेना ये सभी चीजें समय से पहले ही आपके दिमाग को बूढ़ा करने लगती हैं। तो अगर आप चाहते हैं कि समय से पहले आपका दिमाग बूढ़ा ना हो तो इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी कुछ आदतों को छोड़ दें। आइए जानते हैं उन आदतों के बारे में जो आपके दिमाग को समय से पहले ही बूढ़ा कर रही हैं।

**खराब लाइफस्टाइल-**

उन लोगों का दिमाग समय से पहले ही बूढ़ा होने लगता है जो रेगुलर एक्सरसाइज करने की बजाय अपना पूरा समय काउच पर बैठे-बैठे निकाल देते हैं। इससे आपकी ओवलऑल हेल्थ पर भी काफी बुरा असर पड़ता है। इससे आपको धीरे-धीरे कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं और आपका दिमाग भी तेजी से बूढ़ा होता है।



**शराब का अत्यधिक सेवन-**

कई स्टडीज में ये बात सामने आई है कि जो लोग रोजाना शराब का सेवन नहीं करते लेकिन किसी एक दिन जरूरत से ज्यादा शराब पी लेते हैं उनका दिमाग भी तेजी से बूढ़ा होने लगता है। अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन करने की वजह से दिमाग की कोशिकाओं पर काफी बुरा असर पड़ता है।

**स्मोकिंग करना**

बहुत ज्यादा स्मोकिंग करने की वजह से भी आपके दिमाग की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ता है। साल 2010 में हुई एक स्टडी के मुताबित, जो लोग बहुत अधिक मात्रा में स्मोकिंग करते हैं उनमें अल्जाइमर की बीमारी होने का खतरा दोगुना होता है।

**शुगरी चीजों का सेवन-**

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक, शुगर का अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से आपका दिमाग संकुचित होने लगता है। इससे दिमाग तक जाने वाले ब्लड का फ्लो भी काम कम होता है। जब दिमाग तक सही मात्रा में खून पहुंच ही नहीं पाएगा तो आपको कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है जैसे ब्रेन स्ट्रोक आदि।

**नींद पूरी ना करना-**

जो लोग रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद नहीं लेते उनका दिमाग भी समय से पहले ही बूढ़ा होने लगता है। साथ ही इसका असर आपकी स्किन पर भी देखने को मिलता है। कम सोने से स्ट्रेस लेवल भी काफी ज्यादा बढ़ जाता है।

**हेल्दी डाइट ना लेना-**

अगर आप अपनी डाइट में हेल्दी चीजों का सेवन नहीं करते तो इससे भी तेजी से आपका दिमाग बूढ़ा होने लगता है। हरी सब्जियां जैसे पालक, केल जैसी सब्जियां आपकी ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होती है खासतौर पर आपके दिमाग के लिए भी।

**धर्म-आस्था**

# सत्यम, शिवम और सुंदरम का रहस्य : जीवन, दर्शन और आस्था का त्रिवेणी संगम

सत्यम, शिवम और सुंदरम–यह केवल तीन शब्द नहीं, बल्कि भारतीय धर्म, दर्शन और आस्था की वह गहन त्रयी है, जिसमें सम्पूर्ण जीवन का सार समाहित है। युगों से इन शब्दों का उच्चारण होता आया है, किंतु इनके वास्तविक अर्थ और भावार्थ को समझना आज भी उतना ही चुनौतीपूर्ण है। सामान्यतः सत्यम् को ईश्वर, शिवम को भगवान शिव और सुंदरम् को बाह्य सौंदर्य से जोड़कर देखा जाता है, परंतु भारतीय चिंतन परंपरा में इनका अर्थ कहीं अधिक व्यापक, सूक्ष्म और अनुभवजन्य है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

धार्मिक ग्रंथों–वेद, उपनिषद और पुराण–में इस विषय पर भिन्न-भिन्न व्याख्याएं मिलती हैं, किंतु एक मूल तत्व पर सभी का मत एक है कि यह त्रयी अस्तित्व के तीन आयामों को प्रकट करती है। दर्शन की विभिन्न धाराओं में मतभेद अवश्य हैं, परंतु सत्य की खोज ही उनका अंतिम उद्देश्य है।

सत्यम का अर्थ केवल सत्य बोलना नहीं है। यह उससे कहीं आगे जाकर अस्तित्व की उस मूल सत्ता की ओर संकेत करता है, जो शाश्वत, अविनाशी और निर्विकार है। भारतीय दर्शन में ब्रह्म को ही सत्य माना गया है–वह जो न कभी उत्पन्न होता है, न नष्ट होता है। आत्मा उसी सत्य का अंश है, जो शरीर में रहते हुए भी जन्म और मृत्यु के भ्रम में बंध जाती है। इस भ्रम को पहचान लेना ही सत्य की प्राप्ति है।

ऋग्वेद में कहा गया है कि सत्य एक ही है, विद्वान उसे भिन्न-भिन्न नामों से पुकारते हैं। यह कथन स्पष्ट करता है कि सत्य किसी एक रूप या विचार में सीमित नहीं है। कठोपनिषद में भी यह संकेत मिलता है कि जो व्यक्ति सत्य को विभाजित दृष्टि से देखता है, वह जन्म-मरण के चक्र में उलझा रहता है। अतः सत्य का बोध एकात्मता में है, न कि भेद में।

लौकिक जीवन में सत्य को अक्सर झूठ न बोलने तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि उसका वास्तविक स्वरूप कहीं अधिक व्यापक है। सत्य का अर्थ है–वास्तविकता को उसके समग्र रूप में स्वीकार करना। रस्सी को सर्प समझ लेना असत्य है, परंतु उस भ्रम से उत्पन्न भय भी एक प्रकार का अनुभवजन्य सत्य है। इस प्रकार सत्य केवल दृश्य नहीं, बल्कि अनुभूति भी है।

सत्य के मार्ग पर चलना सरल नहीं है, क्योंकि इसके लिए मन, वचन और कर्म में एकरूपता आवश्यक है। जब व्यक्ति का आचरण, विचार और वाणी एक हो जाते हैं, तब भ्रम और द्वंद्व समाप्त होते हैं और सत्य का प्रकाश प्रकट होता है। यही स्थिति मानसिक शांति और आत्मबल को जन्म देती है।

शिवम का अर्थ भी सामान्य धारणा से भिन्न है। इसे केवल भगवान शंकर के रूप में सीमित करना इसके व्यापक अर्थ को संकुचित करना है। शिव का वास्तविक अर्थ है–शुभ, कल्याणकारी और मंगलमय। जब सत्य की अनुभूति होती है, तो उससे स्वाभाविक रूप से शिवत्व प्रकट होता है। अर्थात जो सत्य है, वही शुभ है और जो शुभ है, वही कल्याणकारी है।

शिव निराकार, निर्गुण और अमूर्त चेतना का प्रतीक है। यह वह अवस्था है, जिसमें व्यक्ति अपने भीतर स्थित आत्मा के स्वरूप को पहचानता है। जब मनुष्य अपने अहंकार, इच्छाओं और द्वंद्व से ऊपर उठता है, तब वह शिवत्व को प्राप्त करता है। यही आत्मा की सर्वोच्च स्थिति है, जहां शांति, संतुलन और करुणा का वास होता है। सुंदरम का संबंध बाहरी सौंदर्य से नहीं, बल्कि उस सृष्टि से है जो परम तत्व की अभिव्यक्ति है। यह संपूर्ण प्रकृति–पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश–सुंदरम् का ही विस्तार है। प्रकृति में विद्यमान प्रत्येक तत्व, प्रत्येक परिवर्तन और प्रत्येक सृजन उस दिव्यता का प्रतीक है, जिसे सुंदरम कहा गया है। प्रकृति त्रिगुणात्मक है–सत्व, रज और तम। सत्व शांति और प्रकाश का प्रतीक है, रज क्रियाशीलता का और तम जड़ता का। इन तीनों के संतुलन से ही सृष्टि का संचालन होता है। मनुष्य भी इन्हीं गुणों से प्रभावित होता है और उसका व्यवहार इन्हीं के आधार पर निर्धारित होता है।

मानव शरीर को भी पंचकोषों में विभाजित किया गया है–अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय। जब व्यक्ति बाहरी आवरणों से ऊपर उठकर अपने आनंदमय स्वरूप को पहचान लेता है, तब वह सत्यम्, शिवम और सुंदरम की अनुभूति करता है। यही सच्चिदानंद की अवस्था है, जहां आत्मा परमात्मा से एकाकार हो जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## सुने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार सोना-चांदी और नकदी बरामद

**देवास।** विजयागंज मंडी पुलिस ने एक सूने मकान में हुई चोरी के आरोपी को 48 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी किशोर पिता दयाराम चौरसिया (39), निवासी ग्राम दत्तोतर ने 9 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल 2026 को वह परिवार सहित एक शादी में गए थे। 9 अप्रैल को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी गायब थे। इस मामले में थाना विजयागंज मंडी में अपराध दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच.एन. बाथम के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक (एलआर) बबीता बामनिया के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक सोनी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी अरविंद मालवीय (26), पिता जयराम मालवीय, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर टूमनी, हाल मुकाम ग्राम दत्तोतर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक सोने का पेंडल, चार सोने के दाने, एक जोड़ी सोने की बालियां, चांदी की छह बिछिया (एक जोड़ी) और 12,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

**पांचाल चौपाटी पर जल मंदिर का शुभारंभ**

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पहल, जल संरक्षण व जन-जागरूकता का संदेश



**शुजालपुर।** नगर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल मंदिर की परंपरा लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में शनिवार को पांचाल चौपाटी पर जल मंदिर का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नगर प्रस्फुटन समिति शुजालपुर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष अशोक पांचाल एवं जीतेंद्र पुष्पद के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर एवं राहुल विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने पूजन-अर्चन कर जल मंदिर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान नगर प्रस्फुटन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसमें शैक्षणिक नवांकुर संस्था से कमल सूर्यवंशी, हरिओम जोहर, दिनेश पुरबिया सहित समिति अध्यक्ष ज्योति कुशवाहा, फू लवती दीक्षित एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि यह जल मंदिर आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 9 स्थित शीतल नगर कॉलोनी में नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर दीवार लेखन कर जनजागरूकता का संदेश भी दिया गया।


### जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि, प्रस्तावित ऋणी श्री कैलाश नरवरिया पिता श्री खुमान दास जी नरवरिया द्वारा अपने स्वामित्व की सम्पत्ति क्र. 213 स्थित तिरूपति प्लेटिनम कॉलोनी ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन, क्षेत्रफल 47.57 वर्गमीटर जिसके स्वत्वाधिपत्य श्री कैलाश नरवरिया पिता श्री खुमान दास जी नरवरिया एवं श्रीमती उमा नरवरिया पति श्री कैलाश नरवरिया को जर्ये ई-पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांकित 06.05.2019 पंजीकरण संख्या एमपी 432022019ए1304786 विक्रेता श्री मुकेश सेन पिता श्री रामप्रसादजी सेन से प्राप्त हुए है। तदुपरांत प्रस्तावित ऋणी एवं श्रीमती उमा नरवरिया का नाम संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत दाउदखेडी में दर्ज हुआ। श्रीमती उमा नरवरिया का स्वर्गवास दिनांक 04.09.2020 को होने उपरांत श्री कैलाश नरवरिया पिता श्री खुमान दास जी नरवरिया उक्त संपत्ति के एकल स्वामी हुए तथा उनका नाम ग्राम पंचायत दाउदखेडी में बहैसियत स्वामी दर्ज चला आ रहा हैं। वर्तमान में उक्त संपत्ति आई.आई.एफ.एल होम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में बंधक चली आ रही है, कि प्रतिभूति पर मेरी पक्षकार बैंक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सम्पत्ति को बंधक कर ऋण स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव किया हैं। यदि उक्त सम्पत्ति में किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि, अथवा बैंक ऋण हो अथवा बंधक किये जाने में कोई आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि उपरांत ऋण स्वीकृत करने हेतु कार्रवाई की जायेगी तथा ऋण स्वीकृति एवं सम्पत्ति बंधक की दशा में सम्पत्ति पर प्रथम भार, मेरी पक्षकार बैंक का रहेगा। इति दिनांक 12 अप्रेल, 2026।

**जम्बूकुमार जैन, एडवोकेट**
**शंकू मार्ग उज्जैन**
**मोबा. 9690 66697**



# दैनिक अवन्तिका

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


तेरहवीं कार्यक्रम का सामान लेकर लौट रहे थे; कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी

# सड़क हादसे में 2 सगे भाइयों समेत 3 की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास




देवास में भोपाल हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों को मौत हो गई। घटना शनिवार डेढ़ बजे रात नेवरी फाटा के पास हुई। जिसमें अनियंत्रित होकर एक कार पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, सभी युवक अपने दादाजी की तेरहवीं के कार्यक्रम के लिए सामग्री लेने सोनकच्छ गए थे। देर रात लौटते समय नेवरी फाटा के पास उनकी कार को किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत**

हादसे में मोहित पिता दिनेश नागर (22 वर्ष), निवासी ग्राम गुनाई भौरासा, शुभम पिता राजेश नागर (24 वर्ष) और प्रदीप पिता राजेश नागर (20 वर्ष), दोनों निवासी दूधलाई सोनकच्छ की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक किसान परिवार से थे।

वहीं सचिन, निवासी सुल्पाखेड़ा बरोठा इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर राहुल गेहलोत द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें आगे उपचार के लिए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक परिजन विकास धाकड़ ने बताया कि दादाजी के नुक्ते का कार्यक्रम रविवार को था। जिसके लिए सभी युवक सोनकच्छ से सामान लेकर अपने गांव लौट रहे थे। सभी खेती का कार्य करते थे और आपस में रिश्तेदारी में जुड़े हुए थे। हादसे के समय मोहित कार चला रहा था और गाड़ी उसी की बताई जा रही है।

**डॉक्टर ने दी जानकारी**

जिला अस्पताल के डॉक्टर राहुल गेहलोत के अनुसार, दुर्घटना में कुल चार लोग शामिल थे, जिनमें से तीन की मृत्यु हो चुकी है, जबकि एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई, एक वाहन चालक मौके से फरार

# शुजालपुर में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, दो पोकलेन और दो डंपर जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




शनिवार को खनिज विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पोकलेन मशीनें और मुरम से भरे दो डंपर जब्त किए। यह कार्रवाई श्यामपुर चितौनी और ताजपुर उकाला क्षेत्र में नेशनल हाईवे बायपास निर्माण के लिए चल रहे अवैध खनन स्थलों पर की गई। खनिज अधिकारी नवनीत भालेकर और प्रभारी खनिज निरीक्षक गणेश सोनारे ने राजस्व टीम के साथ दोपहर में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान जहां दो डंपर और दो पोकलेन मशीनें जब्त की गईं, वहीं एक खाली डंपर का चालक वाहन लेकर मौके से फ रार हो गया। प्रभारी खनिज अधिकारी गणेश सोनारे ने बताया कि विभाग को लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि शुजालपुर में निर्माणाधीन नेशनल बायपास के लिए निजी कंपनी द्वारा अवैध खनन कर खनिज का उपयोग मार्ग किनारे किया जा रहा था।

**थाने में खड़े कराए वाहन**

कार्रवाई के दौरान पोकलेन मशीनों का मौके पर ही पंचनामा बनाकर सील कर दिया गया। ट्रॉला उपलब्ध नहीं होने के कारण मशीनों को वहीं रखा गया, जबकि जब्त किए गए डंपरों को पुलिस थाने में अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार अवैध खनन की मात्रा का आकलन कराया जा रहा है। इसके आधार पर प्रकरण दर्ज कर संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार जुर्मान और अन्य कार्रवाई की जाएगी।

## बदनावर में 4 रुपए प्रति लीटर दूध के बढ़े दाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

शहर में दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। दुग्ध डेयरी व्यापार संघ के फैसले के बाद अब उपभोक्ताओं को दूध के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। सभी श्रेणियों के दूध पर 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ोतरी के बाद अब डेयरियों पर भैंस का दूध 64 रुपए प्रति लीटर और गाय का दूध 54 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। इससे पहले भैंस का दूध 60 रुपए प्रति लीटर बिक रहा था।

डेयरी संचालकों का कहना है कि पशु आहार जैसे खल-चूरी और कपासिया के दाम बढ़ गए हैं। इसके साथ ही पॉलीथिन और अन्य खर्चों में भी इजाफा हुआ है। श्री कृष्णा दूध डेयरी के संचालक विनोद प्रजापति के मुताबिक, फैट के रेट बढ़ने से भी दूध की कीमतों पर असर पड़ा है।

दूध के दाम बढ़ाए गए हैं, लेकिन अभी दही और पनीर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पनीर 400 रुपए प्रति किलो और दही 90 रुपए प्रति किलो के भाव से ही मिल रहा है। इस बढ़ोतरी का फायदा पशुपालकों को भी मिलेगा। अब डेयरियां किसानों से भैंस का दूध 9 रुपए प्रति फैट के हिसाब से खरीदेंगी।

## जल आपूर्ति योजनाओं के लिए अधिकारियों की सूची जारी

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, राजगढ़ द्वारा जिले में संचालित समूह जल प्रदाय योजनाओं के लिए अधिकारियों की सूची जारी की गई है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को जल आपूर्ति से संबंधित जानकारी और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सीधे संपर्क उपलब्ध कराना है। जारी सूचना के अनुसार, गोरखपुरा, बांकपुरा-कुशलपुरा, पहाड़गढ़, मोहनपुरा और कुंडालिया जल योजनाओं के लिए अलग-अलग ओ.एण्ड.एम. इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं।

# विधायक अरुण भीमावद ने 20 लख रुपए चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला निर्माण विकास में दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा उनकी धर्मशाला में शाजापुर विधायक अरुण विभाग का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा 20 लख रुपए धर्मशाला निर्माण विकास में दिए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाजापुर विधायक अरुण विमावत बाबूलाल वर्मा पूर्व विधायक कालापीपल मोहन सिंह जी पटेल मक्सी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल महामंत्री सुनील नानू पंड्या मक्सी नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं महामंत्री मोड़ सिंह लोधी मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता श्री कृष्णा भावसार नरेंद्र भावसार पार्षद ओम चौधरी कैलाश मंडलोई मनोज पटेल कैलाश मंडलोई चंद्रवंशी खाती समाज अध्यक्ष गुरु बख्श मंडलोई दयाराम मंडलोई भगवान सिंह मंडलोई पार्षद मनोज पटेल रामेश्वर बा मंडलोई छोगा लाल मंडलोई हीरालाल मंडलोई लक्ष्मी नारायण मंडलोई ओंकार मंडलोई संचालक विनोद मंडलोई ने किया।

सुसनेर में नगर परिषद के नए भवन का लोकार्पण, विकास को मिलेगी नई रफ्तार

# देश, किसान और युवा मजबूत होंगे तो भारत बनेगा सशक्त- कैलाश विजयवर्गीय

**लोकार्पण समारोह में मंत्री विजयवर्गीय ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



देश पहले है, दल बाद में। जब देश, किसान और युवा मजबूत होंगे, तभी भारत सशक्त बनेगा। यह बात नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को सुसनेर में नगर परिषद के नवीन भवन के लोकार्पण अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज देश में अमन-चैन का माहौल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। मंत्री विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में सुसनेर से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि वे विद्यार्थी परिषद के समय से यहां आते रहे हैं। उस समय क्षेत्र में कच्चे मकान और सीमित संसाधन थे, लोग साइकिलों से आवागमन करते थे, लेकिन आज हर ओर पक्के मकान, बेहतर सड़कें और विकास के नए आयाम दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन सरकार की योजनाओं और जनसहभागिता का परिणाम है। किसानों के हितों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के खातों में सहायता राशि दी जा रही है, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि किसान मजबूत होगा तो देश भी मजबूत होगा, इसलिए सरकार किसानों की चिंता कर रही है और उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मंत्री ने बताया कि सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 11 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है और आवश्यकता पड़ने पर और भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी के कार्यों की सराहना करते हुए पार्षदों से भी अपने-अपने वार्डों के विकास के प्रति गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया।

इसके पूर्व नगर परिषद सुसनेर के नवीन भवन का लोकार्पण नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। लोकार्पण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक भेरो सिंह बापू, मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन सहित कई जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने दोनों मंत्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया। सभा के बाद वार्ड क्रमांक 12 स्थित 31 परिवारों को पट्टे का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, जिला प्रभारी जयदीप सिंह पटेल, फूलचंद्र वेदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, दिलीप सकलेचा, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, फूलचन्द्र वेदिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया एवं पूर्व मंडल महामंत्री पवन शर्मा ने किया।



## अजाक्स कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाई ज्योतिबा फुले जयंती

**गुना।** अनुसूचित जाति जनजाति कार्यालय पर शनिवार को शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म दिवस मनाया गया। एक मौके पर उपस्थित सभी महानुभावों ने ज्योतिबा फुले जी की तस्वीर के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा ज्योतिबाफूले 19वीं सदी में जन्मे एक महान भारतीय समाज सुधारक, क्रांतिकारी विचारक और लेखक थे। उनकी जयंती पर उपस्थित समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। महात्मा ज्योतिबा फुले जी जयंती कार्यक्रम अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स गुना एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समन्वय समिति गुना के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित अजाक्स कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश धाकड़ गुरुजी ने महात्मा फूले के जीवन संघर्ष पर बारीकी से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में जन्मे संत, महापुरुषों को पढ़ना चाहिए। अजाक्स के जिला अध्यक्ष रमेशचन्द अहिरवार ने भी अपने विचार ओजस्वी भाषा में व्यक्त किए। कार्यक्रम को अंबेडकर समन्वय समिति अध्यक्ष संजीव सरहैया, चंद्रप्रकाश बंटी अहिरवार, कीर्ति मोरोलिया, ज्योति जडेजा, ब्रजराज गौतम, एडवोकेट मोहर सिंह लोधी, एड संतोष बिजौले आदि ने संबोधित किया।

**125 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया**

## बदनावर में दुर्गा धाम मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारे में प्रसाद भी लिया

**बदनावर।** बदनावर के अणुनगर में श्रीदुगार्धाम मंदिर का तीसवां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सेवा का कार्य भी किया गया, जिसमें 125 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। शनिवार सुबह माता राजराजेश्वरी देवी का अभिषेक और विशेष श्रृंगार किया गया। आरती के बाद प्रसादी बांटी गई और भंडारा शुरू हुआ, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बदनावर पहुंचे थे। स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 125 से अधिक यूनिट खून जमा हुआ। दुगार्धाम परिवार के प्रमुख मनीष राठौड़ और कई कार्यकताओं ने भी खुद रक्तदान कर लोगों का उत्साह बढ़ाया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- देवेंद्र कुमार भमुरी पिता श्री नेहरूचंद भमुरी निवासी 72/4 रवीन्द्रनाथ टैगोर मार्ग, नयापुरा, उज्जैन (म.प्र.) 2- भूपेंद्र कुमार भमुरी पिता श्री नेहरूचंद भमुरी निवासी 72 अब्दालपुरा, आर एन टी मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखंड क्रमांक ई 16/5 स्थित शिप्रा विहार योजना क्रमांक पी 1/87 उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 216.00 वर्गमीटर है, को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का सम्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त संपत्ति में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त संपत्ति पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः- 12-04-2026 उज्जैन

**अचिंतदास कुशवाह (एडवोकेट)**
**बंसल टाइपिंग सर्विस, कंठाल चौराहा उज्जैन**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शौकत पिता वाहीद खाँ, सलीम खाँ पिता वाहीद खॉ, लियाकत खाँ पिता वाहीद खॉ, सराफत खाँ पिता वाहीद खाँ, साजीद खाँ पिता शहिद खाँ, शाकिर खाँ पिता शहिद खाँ, सर्व निवासीगण सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र. मोबाईल नंबर 8827432632 के भूमि स्वामी स्वत्व कि भूमि कस्बा सुसनेर में स्थित है। जिसकै भूमि सर्वे नंबर 2386, 2387, 2388, 2389, 2390, 2398, 2399 कुल किता 7 कुल रकबा 7.243 है. का है। जो वहीद खाँ सहिद खॉ एवं हमीद खों पिता छितर खॉ एवं कल्लो बी. बदरोन बी पिता छितर खों के नाम से राजस्व दस्तावेजों में दर्ज चली आ रही है।

इस भूमि का आज दिनांक तक कोई विभाजन नहीं हुआ है इस भूमि पर कोई बंटाकन एवं बंटवारा नहीं हुआ है हमारे पक्षकार के पिता सामुहिक रूप से खेती कर अपना हिस्सा कर फसल प्राप्त करते चले आ रहे थे। इस भूमि पर डग जीरापुर रोड प्रकरण क्रमांक 7अ-1982 वर्ष 2006-07 आदेश दिनांक 19.6.2008 से यह भूमि डग जीरापुर रोड में भूमि सर्वे नंबर 2399 रकबा 0.167 है. भूमि जिसका मुआवजा हम प्रार्थीगण का स्वीकृत हुआ है।

इस खाते कि भूमि पर हमीद खाँ द्वारा 23.12.2025 को अपने पुत्र आशीक खाँ, हनीफ खों व कल्लु खाँ चारों ने मिलकर उक्त मुआवजे कि रकम को प्राप्त करने के नियत से एवं बिना बंटवारा बंटाकन के समुहिक खाते कि भूमि में से डण जीरापुर रोड कि भूमि सर्वे नंबर 2399 रकबा 1.003 है. भूमि का दाग पत्र उप-पंजीयक कार्यालय आगर मे दिनांक 12.03.2025 को ई-पंजीयन क्रमांक 0600202679370999 से सम्पादित करवा दिया जिसे करवाने का कोई अधिकार हमीद खॉ को नहीं था क्योंकि यह भूमि सयुंक्त खाते कि भूमि है जिसका बंटवारा आज दिनांक तक नहीं हुआ है परंतु हमीद खाँ व उसके लड़को ने राजस्व अधिकारीयो कि मिली भगत से इस भूमि का दान पत्र करवा दिया है। एवं उसका नामात्रंण कर मुआवजा प्राप्त करना चाहते है।

भूमि सर्वे नंबर 2399 रकबा 0.1003 हे. भूमि के संबंध में प्रार्थी के द्वारा समस्त प्रशासकीय अधिकारियों के समयक्ष धोखा-घड़ी जाल-साजी से दस्तावेज तैयार करने एवं दान पत्र को निरस्त करवाने हेतु आपत्ति प्रस्तुत कि है। जिसके संबंध में नामात्रंण पर आपत्ति तहसील कार्यालय में प्रस्तुत की है यदि भूल वश कोई व्यक्ति इस भूमि का कोई अनुबंध, विक्रय पत्र, दान, बंधक एवं अन्य प्रकार कि कोई कार्यवाही व लेख हमीद खाँ एवं उसके पुत्रों से करवाता है तो वह हमारे पक्षकारों के विरुद्ध बंधनकारी नहीं होगी। किया गया अनुबंध, विक्रय पत्र, दान, बंधक हमारे पक्षकार के स्वत्व के मुकाबले शून्य घोषित माना जावेगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, निकाय संख्या उपरोक्त भूमि के संबंध में उक्त भूमि या उसके किसी भी भाग को मेरे पत्रकार के बिना अनुमति एवं सहमति के क्रय, विक्रय, दान या अन्य किसी प्रकार का कोई अंतराय हमारे पक्षकार द्वारा या राजस्व रिकॉर्ड में नामधारी उसके कहे अनुसार नहीं करावे यदि इस प्रकार का कोई कृत्य कराया जाता है तो वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर शून्यवत माना जाएगा मेरे पक्षकार के द्वारा दान पत्र को न्यायालय के माध्यम से निरस्त कराए जाने हेतु एक सूचनापत्र अपने अभिभाषक के माध्यम से दिया है जिसकी अवधि समाप्त नहीं हुई है ऐसी स्थिति में तथा भविष्य में होने वाली परेशानियों के लिए मेरा पक्षकार जिम्मेदार नहीं रहेगा अतः सूचित हो। दिनांक :- 11/04/2026

**भेरुसिंह दसावर एडवोकेट**
**सुसनेर, नलखेड़ा, जिला आगर मालवा**
**मोबा 91796-53985**

## 3 दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित

**उज्जैन।** जनगणना कार्यक्रम के अंतर्गत नूतन हाई सेकेंडरी स्कूल, इंद्रानगर में 3 दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में देश की पहली डिजिटल जनगणना को ध्यान में रखते हुए प्रगणकों को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में शनिवार को जोन क्रमांक 01 एवं 02 तथा रविवार को जोन क्रमांक 03 एवं 04 के प्रगणकों का प्रशिक्षण अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला को तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 400 प्रगणक एवं सुपरवाइजर को 18 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें घर-घर जाकर पूछे जाने वाले 33 प्रकार के प्रश्नों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सोमवार को जोन क्रमांक 05 एवं 06 के प्रगणकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, घनश्याम मचार, पवन कुमार फुलफकीर सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**आगर मालवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर-मालवा द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ( नालसा ) नई दिल्ली संचालित एसिड अटैक पीड़ितों को विधिक सेवा योजना विषय पर शनिवार को वन स्टॉप सेंटर आगर-मालवा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मोनिका यादव उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अश्विनी सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं को नालसा एसिड अटैक पीड़ितों को विधिक सेवा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न ( पोश एक्ट ) से संबंधित प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। अधिकारियों द्वारा महिलाओं को नि:शुल्क विधिक सहायता की सुविधा, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता तथा नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की स्टाफ सदस्य श्रीमती शिखा निगम, सुश्री प्रिया राठौर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**आगर मालवा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड नलखेड़ा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शनिवार को निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नलखेड़ा के प्रभारी डॉ. जगदीश प्रसाद कुलमी की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रकाश शर्मा एवं परामर्शदाता महेश पाटीदार, सुरेश कुमार दासावत, बलराम सिंह सिसोदिया, संतोष राठौर, नरेंद्र नागर एवं सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जल संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना एवं जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## मधुमक्खियों से सुरक्षा हेतु समस्त विभागों को निर्देश जारी

**आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आर. पी. वर्मा द्वारा जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों को मधुमक्खियों से सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल 2026 को सोयतकलां स्थित विवेकानंद विद्यालय के कक्षा 4 के छात्र रमन कराड़ा (आयु 9 वर्ष) की मधुमक्खियों के काटने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं विद्यालय प्राचार्य की लापरवाही पर पृथक से कार्यवाही की जा रही है। जारी निर्देशों के अनुसार वन मण्डलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व एवं वन), जिला अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों एवं परिसरों का निरीक्षण कर मधुमक्खियों के छत्तों को तत्काल हटवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही समस्त कार्यालयों एवं परिसरों में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, ताकि सर्प एवं अन्य जहरीले जीवों के पनपने की संभावना समाप्त हो सके।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन 13 अप्रैल को

**आगर मालवा।** भारत सरकार द्वारा 13 अप्रैल 2026 को प्रात: 11:00 बजे से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिला प्रतिभाओं-निर्वाचित जनप्रतिनिधि, नीति-निर्माता, शिक्षाविद्, चिकित्सक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, उद्यमी, स्टार्टअप लीडर, मीडिया प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा कला एवं संस्कृति से जुड़ी महिलाओं की सहभागिता रहेगी।

# चोरी के दो बड़े मामले उजागर, 25 लाख का माल बरामद

## शुजालपुर मंडी पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार, तीन साथी फरार

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



पुलिस ने चोरी के दो बड़े मामलों का खुलासा करते हुए टवेरा कार और जेसीबी मशीन सहित करीब 25 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गयाए जबकि उसके तीन साथी अभी फरार हैं।

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के निर्देशन तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने विशेष टीम गठित कर यह सफलता हासिल की। पहले मामले में फरियादी अजय पूर्विया निवासी पांडुरंग कॉलोनी, फ्रीगंज शुजालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9-10 अप्रैल की रात उसके घर के सामने खड़ी टवेरा कार एमपी 09 बीडी 2979 चोरी हो गई। वहीं दूसरे मामले में थाना शुजालपुर सिटी क्षेत्र के ग्राम कड़वाला निवासी राहुल पाटीदार की जेसीबी मशीन एमपी 39 एच 3848 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। पुलिस टीम ने सक्रिय मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गोविन्द सिंह 21 निवासी ग्राम देहंडी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथियों पवन चौड़िया, सुनील मालवीय और कृष्णा गोस्वामी के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया।

### पूरा सामान बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई टवेरा कार करीब 5 लाख रुपये और जेसीबी मशीन करीब 20 लाख रुपये बरामद कर ली। कुल जब्ती 25 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, इनीम टोप्पो, सहायक उपनिरीक्षक भेमेन्द्र सिंह ठाकुर,प्रधान आरक्षक रामदयाल श्रीवास्तव सहित पुलिस टीम व साइबर सेल के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वैष्णव परिषद द्वारा महामंडली का हुआ आयोजन

**आगर मालवा।** अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा तीन दिवसीय श्रीवल्लभ जयंती महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 11 तारीख को पंचवटी कॉलोनी में महामंडली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में वैष्णवजन शामिल हुए। सबसे पहले वैष्णव परिषद के मार्गदर्शक श्रीहरि वल्लभ मूंदड़ा कोषाध्यक्ष रामप्रसाद अटल द्वारा महाप्रभु जी की छवि पर तिलक कर उपरना उड़ाया गया पश्चात मंगला चरण व यमुनाष्टक का पाठ किया गया। पश्चात भजन मण्डली द्वारा गिरिराजजी यमुना जी श्री नाथजी बालकृष्ण लाल एवं वल्लभ के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई जिस पर वैष्णव जन जम के थीरके उस समय पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था यह आयोजन रात 11:30 बजे तक चला इसके बाद वल्लभ चौक की पट्टिका का अनावरण हरिवल्लभ मूंदड़ा केंद्रीयसमिति सदस्य प्रदीप मेठी प्रदेश संयोजक युवा प्रकोष्ठ प्रवीण मूंदड़ा परिषद के अध्यक्ष रमेश अटल युवा परिषद अध्यक्ष पंकज अटल कैलाश माहेश्वरी श्री निवास अटल डाक्टर विवेक मालानी ने किया।

# मुरैना से पकड़ाए शुक्ला के हैरी बॉक्सर से संपर्क

## मप्र में शूटर्स हायर कर देता था 2 से 3 लाख रुपए; टारगेट तलाशने की भी जिम्मेदारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में सक्रिय लॉरेंस विश्नोई गैंग के खास गुर्गे प्रदीप शुक्ला ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसे स्पेशल टास्क फोर्स भोपाल ने मुरैना से गिरफ्तार किया था। वह 17 अप्रैल तक एसटीएफ की रिमांड पर है। पूछताछ में उसने एमपी में सक्रिय हैरी बॉक्सर (लॉरेंस गैंग) को लेकर बताया कि हैरी बॉक्सर से सीधा संपर्क में था। उसके कहने पर प्रदेश में लॉरेंस गैंग के नेटवर्क का विस्तार कर रहा था। शूटरों को हायर करने की जिम्मेदारी उसे मिली थी। शूटरों को दो-तीन लाख रुपए तक हर काम के बदले दिए जाते थे। वारदात में इस्तेमाल हथियार भी वो ही मुहैया कराते थे। शूटर्स से संपर्क रखने के लिए फर्जी सिम और अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया जाता था। शूटरों को रकम भी ऑनलाइन ही दी जाती थी।




### लंबे समय से पुलिस की नजर में था आरोपी

आरोपी लंबे समय से पुलिस की नजर में था और अलग-अलग राज्यों में छिपकर गैंग के नेटवर्क को मजबूत कर रहा था। प्रदीप शुक्ला की गिरफ्तारी से मध्य प्रदेश में सक्रिय गैंग के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। जांच एजेंसियां अब उससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हैं, जबकि कई अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। आरोपी को अशोकनगर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया था। एसटीएफ लगातार प्रदेश भर में कार्रवाई कर लॉरेंस गैंग के संदेहियों की गिरफ्तारी कर रही है।

### लगातार लोकेशन बदलकर देता रहा चकमा

एसटीएफ को प्रदीप शुक्ला की लंबे समय से तलाश थी। आखिरकार उसे धौलपुर-मुरैना बॉर्डर के पास एक गांव से पकड़ा गया। पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी की कार्रवाई की। प्रदीप लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। गिरफ्तारी के समय वह राजस्थान भागने की फिराक में था। उसकी गतिविधियों पर पहले से ही नजर रखी जा रही थी। इस ऑपरेशन को एसटीएफ की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## नागचन्द्रेश्वर मंदिर से आस्था के साथ शुरू हुई पंचक्रोशी यात्रा

**उज्जैन।** धर्म नगरी उज्जैन में रविवार 12 अप्रैल 2026 से पावन पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम मानी जाती है, जो श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति की जड़ों से जोड़ते हुए भगवान महाकाल की कृपा का अनुभव कराती है। महापौर मुकेश टटवाल ने प्रात: 5:30 बजे पटनी बाजार स्थित नागचन्द्रेश्वर मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद वे श्रद्धालुओं के साथ पैदल यात्रा में शामिल हुए और अपने हाथ में पवित्र नदियों के जल से भरा कलश लेकर संपूर्ण मार्ग पर चलते रहे। पंचकोशी यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर श्रद्धालुओं को अध्यात्म, सेवा और संयम का संदेश मिलता है। यह यात्रा सिखाती है कि जीवन का वास्तविक सुख भौतिक साधनों में नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सत्कर्मों में निहित है। यात्रा के दौरान महापौर ने स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को कपड़े के झोले वितरित किए और पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की अपील की। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, शिवेंद्र तिवारी, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, जोन अध्यक्ष पुरूषोत्तम मालवीय एवं पार्षद पंकज चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत आज निकलेगी नगर निगम की वाहन रैली

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अभियान के तहत शहर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उज्जैन नगर निगम द्वारा सोमवार को वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली शाम 4: 00 बजे ग्रांड होटल से प्रारंभ होगी, जो शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों से होकर टावर चौराहा पर समाप्त होगी। रैली का मार्ग ग्रांड होटल से शुरू होकर टावर चौराहा, तीन बत्ती, नानाखेड़ा, पुराना आरटीओ चौराहा, भरतपुरी, सीएम बंगला, तरण ताल, दशहरा मैदान एवं पुलिस कंट्रोल रूम से होते हुए पुन: टावर चौराहा तक रहेगा।

# बजरंग दल के नाम पर वसूली करने वाला शातिर पकड़ा

## संगठन ने बताया—कोई संबंध नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में बजरंग दल के नाम पर अवैध वसूली करने वाले एक शातिर युवक का मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर ने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि एक व्यक्ति संगठन का नाम लेकर लोगों को डरा-धमकाकर हफ्ता वसूली कर रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए दरेकर ने अपने कार्यकर्ताओं को गोपनीय रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान सामने आया कि रितेश राठौर नाम का युवक बजरंग दल के नाम का गलत इस्तेमाल कर अवैध वसूली कर रहा था। बताया गया कि वह अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद से जुड़ा है, लेकिन बजरंग दल का सदस्य नहीं है। दरेकर ने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों का संगठन से कोई लेना-देना नहीं है और वे समाज को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के तत्व हिंदू समाज के लिए नुकसानदायक हैं और इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है।

संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी संगठन के नाम का दुरुपयोग करने की हिम्मत न कर सके।

### सीएम नितीश ले चुके हैं राज्यसभा की शपथ

# बिहार में एनडीए विधायक दल का नेता चुनेंगे शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

एमपी के पूर्व सीएम और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिहार में बीजेपी विधायक दल के नेता का चुनाव करेंगे। बीजेपी ने उन्हें बिहार में विधायक दल के नेता का चयन करने के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनाया है। बिहार के सीएम नितीश कुमार राज्यसभा सांसद बनने के बाद शपथ भी ले चुके हैं। ऐसे में अब एनडीए को नए सीएम का ऐलान करना है। संभावना जताई जा रही है कि बिहार में सीएम बीजेपी से हो सकते हैं।

### शिवराज की भूमिका क्यों है खास?



चार बार एमपी के मुख्यमंत्री रहे शिवराज को पता है कि विधायकों की नब्ज कैसे टटोली जाती है। बिहार में एनडीए के भीतर कई घटक दल हैं। शिवराज को जिम्मेदारी दी गई है कि वे ऐसे नाम पर मुहर लगवाएं जो सर्वसम्मति से स्वीकार्य हो। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बीजेपी एक ऐसे चेहरे की तलाश में है जो 'ब्रांड मोदी' के साथ-साथ स्थानीय समीकरणों (जातीय और क्षेत्रीय) को साध सके।

# टेट परीक्षा निरस्त करने की मांग ने जोर पकड़ा

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने केबिनेट मंत्री सिलावट को ज्ञापन सौंपा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे ने शनिवार को मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसी राम सिलावट को उनके रेसिडेंसी स्थित बंगले पर टेट मुद्दे पर ज्ञापन दिया गया।

मंत्री ने पूर्ण आश्वस्त किया कि सोमवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से विशेष बात करेंगे और आपने कहा कि उनकी सरकार शिक्षकों के साथ है। मंत्री शिक्षकों के साथ जमीन पर ही बैठ गए और करीब 30 मिनट तक इस मुद्दे पर गहन चर्चा की।



इस अवसर पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के घटक शिक्षक कॉंग्रेस के संरक्षक महेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष आलोक परमार, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के के आर्य,राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिववीर सिंह भदौरिया,पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार, आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष मालवीय, पुरानी पेंशन बहाली संघ के संयोजक मानसिंह शिवहरे, शिव सोनी, अभिषेक तिवारी,गुंजन सिंह, अर्चना ठाकुर, सहित सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे के जिला संयोजक दिनेश परमार अनुराग तिवारी ने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में प्रदेश भर में सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर जनप्रतिनिधियों में सांसद ,विधायकों एवं मंत्री महोदय को टेट परीक्षा के विरोध में सरकार से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। अगले चरण में राज्य स्तरीय आंदोलन के राजधानी भोपाल में प्रदर्शन किया जाएगा।

# राज्यसभा की उम्मीदवारी पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष बोल...हमें कोई नहीं चाहता

## डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- मैं दिन में सपने नहीं देखता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

एमपी में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से कांग्रेस के कब्जे वाली सीट पर दिग्विजय सिंह सांसद हैं। उनके तीसरी बार राज्यसभा जाने से इनकार करने के बाद कांग्रेस में केंडिडेट को लेकर रेस चल रही है। इस बीच राज्यसभा सीट पर उम्मीदवारी को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- सच्चाई ये है कि न तो हमें कोई चाहता है, न कुछ होना है। दिन में सपने गोविंद सिंह नहीं देखा करते। डॉ. गोविंद सिंह ने उम्मीदवारों के नामों पर मंथन को लेकर कहा - कांग्रेस अनुशासित पार्टी है, यहां कोई मंथन नहीं चल रहा है। हाईकमान को उम्मीदवार चुनने का अधिकार है। हमारी पार्टी के अध्यक्ष खरगे जी और राहुल जी जो निर्णय करेंगे, वही सर्वमान्य होगा। बीजेपी वाले तमाम लोग तोड़ने का प्रयास करेंगे, लेकिन असफल होंगे।



### दिग्विजय और जीतू कर चुके हैं इनकार

पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, एससी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के अलावा करीब एक दर्जन नेता राज्यसभा जाने के लिए प्रयासरत हैं पूर्व सीएम और मौजूदा राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह और एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी राज्यसभा की रेस से खुद को अलग कर चुके हैं।

### जनाधार वाले नेता को भेजा जाए राज्यसभा

डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- जब पूरा निर्णय हमारे हाईकमान पर है, तो राय देना उचित नहीं है। हालांकि, हमारा मानना है कि ऐसे जनाधार वाले नेता को राज्यसभा में भेजा जाना चाहिए, जो आम जनता और पार्टी के हित में काम करे और लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतिनिधि प्रदेश में सक्रिय रूप से दौरा करे और भाजपा को आगामी चुनाव में हराने के लिए संघर्ष करे। पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, एससी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के अलावा करीब एक दर्जन नेता राज्यसभा जाने के लिए प्रयासरत हैं।

# महाराष्ट्र के मंत्री लोढ़ा के बयान से सकल जैन आहत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



जैन समुदाय को अल्पसंख्यक दर्जा बनाए रखना चाहिए या छोड़ देना चाहिए, इस मुद्दे पर महाराष्ट्र राज्य में विवाद खड़ा हो गया है.। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य के कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने मुंबई में कहा कि जैन धर्म हिंदू संस्कृति का हिस्सा है और उसे अल्पसंख्यक दर्जा छोड़ने पर विचार करना चाहिए. इस बयान के बाद पूरे भारत में समंग्र जैन समुदाय में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं.मंत्री जी द्वारा जैन समुदाय के लोगों को विश्वास में लिए बिना दिए गए इस बयान से विश्व की जैन समुदाय में नाराजगी देखी जा रही है.।

दद्दू ने बताया कि जैन अल्पसंख्यक विकास आर्थिक महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन,मंयक जैन डॉ जैनेन्द्र जैन प्रदीप बड़जात्या ने मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा के बयान पर कड़ा विरोध जताया है. ललित गांधी ने कहा, "यह बयान अज्ञानता से दिया गया है या किसी पूर्व नियोजित रुख का हिस्सा है.डां जैनेन्द्र जैन ने कहा कि जैन धर्म भारत का एक स्वतंत्र और प्राचीन दर्शन है, यह हिंदू धर्म की शाखा या उपशाखा नहीं है.संजय जैन ने कहा कि जैन समुदाय को मिला अल्पसंख्यक दर्जा हमारा संवैधानिक अधिकार है. यह हमारे प्राचीन विरासत के संरक्षण का एक प्रभावी माध्यम है."राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने माननिय मंत्री लोढ़ा जी विश्व जैन समाज से माफी मांगे नहीं तो अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का 22वां मैत्रीय सम्मेलन संपन्न

## सम्मेलन में सरकार की पेंशन विरोधी निती की भर्त्सना की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला रतलाम का 22 वां वार्षिक मैत्रीय सम्मेलन एवं साधारण सभा बरबड़ हनुमान मंदिर श्रीकृष्ण भवन रतलाम में हर्षोल्लास से पेंशनर्स साथियों की एकजुटता के साथ सम्पन्न हुआ। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित करते हुए संगठन का प्रतीक चिन्ह परचम फरहाया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत आशा श्रीवास्तव, चंद्रकला व्यास ने किया।

मुख्य अतिथि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. के प्रांतीय महामंत्री पुरुषोत्तम पुरोहित, संरक्षक के.पी. निगम, अध्यक्षता उप प्रांताध्यक्ष एवं अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्रम संगठन संयुक्त समिति अध्यक्ष आई.एल. पुरोहित, ए.जे. खान प्रांतीय संगठन मंत्री, एम.एल. निमरोट संभागीय अध्यक्ष इंदौर, घनश्याम तिवारी, संभागीय सचिव उज्जैन, ललित त्रिवेदी, अध्यक्ष झाबुआ मोहनसिंह पाटीदार, अध्यक्ष-धार, एम.एल. रावल पेटलावद, जगमोहन सिंह राठौर - थांदला का जिला संगठन के पदाधिकारियों ने स्वागत सम्मान शाल उपरणा पहनाकर प्रतिक चिन्ह भेंटकर किया।वार्षिक प्रतिवेदन एवं स्वागत संबोधन अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन एवं प्रस्तुत करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं प्रदेश सरकार द्वारा राज्य पेंशनरों के प्रति लगाकर की जा रही उपेक्षा व शोषण का पुरजोर विरोध करते हुए संघर्ष हेतु आह्वान किया। साधारण सभा में संगठन का वार्षिक लेखा-जोखा, आय व्यय-पत्रक कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार बेनावत ने प्रस्तुत किया।




मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री पुरुषोत्तम पुरोहित ने पेंशनर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का एक मात्र संगठन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन साढ़े चार लाख पेंशनरों के हक की लड़ाई के लिए सरकार ले लड़ रहा है। संघर्ष कर रहा है। विशिष्ठ अतिथि ए.जे. खान, एम.एल. मिमरोट, के.पी. निगम, घनश्याम तिवारी पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते कहा कि एक जूट रहे व जब-जब भी आंदोलन के लिए प्रांतीय आह्वान पर संघर्षरत रहे। इस अवसर पर 75 वर्ष आयु प्राप्त कर चुके वरिष्ठ पेंशनर्स साथियों का आयुष सम्मान से मोती की माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स महिला-पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग कार्यकारी अध्यक्ष एम.एल. भट्ट का रहा। संचालन एम.एल. नगावत, दुर्गेश सुरोलिया द्वारा किया। आभार हरिश कुमार बिंदल ने माना।

## विहिप मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन आज

**नीमच।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में मंदसौर विभाग का मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन का आयोजन आज मंदसौर में प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पीजी कॉलेज पर रखा गया है। जिसमें नीमच जिले से मंदिरों के पुजारी, पुरोहित, कथा वाचक, भगवताचार्य बसों के माध्यम से आयोजन में सम्मिलित होंगे। मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए नीमच से भी विश्व हिन्दू परिषद द्वारा संचालित गौधाम बालाजी गौ सेवा केंद्र पर अर्चक पुरोहित एकत्रित होकर बस द्वारा प्रस्थान करेंगे। विहिप जिला मंत्री कैलाश मालवीय नाना ने बताया कि मंदसौर में कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता माननीय श्री आलोक कुमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मंदिर हिंदू धर्म की शक्ति केंद्र बनना चाहिए। जिससे धर्म का जागरण हो सके। मंदिर के माध्यम से हिंदू समाज की कई प्रकार की सेवा के कार्य भी किए जा सकते हैं।

## महिला के कान से सोने के सुलिये खींचकर ले भागा बदमाश

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम मामटखेड़ा में अज्ञात बदमाश ने एक 50 वर्षीय महिला के कान पर झपटा मारकर सोने के गट्टी (सुलिये) लेकर भाग निकला। लूटे गये सोने की रकम का वजन करीब एक तोला बताया गया है। जानकारी के अनुसार घटना 11 अप्रैल की है। इस घटना की रिपोर्ट फरियादिया फेरीबाई पति अखेराज रेवाटी निवासी मामटखेड़ा ने की है कि कोई अज्ञात आरोपी ने झपटा मारकर फरियादी के कान से सोने की दो गट्टी (सुलिये) लेकर भाग गया। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 304(2) में प्रकरण दर्ज किया।

## शादी में शरबत पीने से मेहमानों की तबीयत बिगड़ी

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ तहसील के ग्राम चिकला में एक विवाह समारोह में शर्बत पीने से 15-20 लोगों की तबियत बिगड़ गई। सभी को उपचार हेतु सीतामऊ अस्पताल ले जाया गया जहां उपवास के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।जानकारी के अनुसार ग्राम चिकला में एक विवाह समारोह चल रहा था। इसी दौरान शरबत पिलाया गया। जिससे 15-20 मेहमानों ने जी मचलाने की शिकायत की तो उन्हें उपचार हेतु सीतामऊ चिकित्सालय लाया गया। उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

## लाड़ली बहनों के खातों में 35 वी किश्त अंतरित

**नीमच।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 35 वी किश्त जिले की कुल 155764 हितग्राही बहनों के खाते में राशि रुपए 22.76 करोड़ अंतरित की गई है। रविवार 12 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना राशि अंतरण व महिला सशक्तिकरण सम्मेलन मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सीहोर में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट जिले में हितग्राही लाड़ली बहनों द्वारा ग्राम/पंचायत वॉर्ड स्तर पर देखा गया। योजना प्रारम्भ से यह 35वी किश्त है जो लाड़ली बहनों के खाते में जमा हुई है।

## हाट बाजार में जैविक उत्पादों का विक्रय

**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल ७ जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 31010 रुपये का विक्रय किया गया। दिलीप धाकड़ द्वारा शहद 4640 रुपये का, उमेश धाकड़ द्वारा घी एवं दूध विक्रय किया गया, बालकृष्ण तिवारी द्वारा सोना मोती एवं खपली प्रजाति का गेहूं 1200 रुपए का, दिलीप पाटीदार ने गेहूं मिर्ची एवं हल्दी उत्पाद 32500 रुपए का, तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 950 रुपए के उत्पाद विक्रय किए गये।

## अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर प्रवेश उर्फ कान्हा गिरफ्तार, केन्द्रीय जेल इंदौर भेजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

मंदसौर जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध एक बड़ी और प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया है। एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में जिले के कुख्यात आरोपी अंतर्राज्यीय तस्कर प्रवेश उर्फ कान्हा (30) पिता राधेश्याम पाटीदार उम्र 30 साल निवासी सुपड़ा थाना पिपलिया मंडी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कठोर निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया गया है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेर सिंह बघेल के पर्यवेक्षण और अनुविभागीय अधिकारी कीर्ति बघेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी पिपलियामंडी ने आरोपी का पूरा आपराधिक कच्चा चिट्ठा तैयार किया। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला दण्डाधिकारी मंदसौर और उज्जैन आयुक्त को भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर धारा 3 (1) के तहत निरोधक आदेश जारी किया गया, जिसके पालन में आज आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचाया गया।

आरोपी प्रवेश उर्फ कान्हा का आपराधिक इतिहास अत्यंत गंभीर है। आईसीजेएस पोर्टल और थाना स्तर पर तैयार किए गए डोजियर के अनुसार, उस पर कुल 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 मामले केवल अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े हैं, जो न केवल मध्य प्रदेश बल्कि राजस्थान के विभिन्न जिलों जैसे प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद के थानों में भी पंजीकृत हैं। इसके अलावा आरोपी मारपीट, जान से मारने की धमकी और चोरी जैसी वारदातों में भी शामिल रहा है।

लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण वह क्षेत्र का एक कुख्यात तस्कर बन चुका था।

## जिला अस्पताल में बिजली गुल : अंधेरे में मरीज परेशान



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

शहर के मुख्य स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय में आज सुबह से ही व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गईं। सुबह 6 बजे से अस्पताल की बिजली गुल होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भीषण गर्मी और बीमारी की मार झेल रहे मरीजों के लिए बिजली का जाना दोहरी मुसीबत बन गया है। वार्डों में पंखे बंद होने से मरीज बेहाल हैं, वहीं पैथोलॉजी और अन्य जांच केंद्रों पर अंधेरा होने के कारण लैब तकनीशियन और मरीजों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दूर-दराज से आए लोग घंटों से लाइट आने का इंतजार कर रहे हैं।

**रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगी लंबी कतारें**

अस्पताल की कार्यप्रणाली में सबसे बड़ी बाधा पर्ची काउंटर पर देखने को मिली। डॉक्टर को दिखाने से पूर्व अनिवार्य रूप से बनने वाली पर्ची का काम पूरी तरह ठप हो गया है। कंप्यूटर सिस्टम बंद होने के कारण अस्पताल परिसर में मरीजों की लंबी कतारें लग गई हैं। कई बुजुर्ग और गंभीर मरीज बिना पर्ची के घंटों बैठने को मजबूर हैं।

बिजली कटने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रखा गया जनरेटर भी शोपीस बना हुआ है। बताया जा रहा है कि मेंटेनेंस के अभाव में जनरेटर खराब पड़ा है, जिसके चलते बैकअप की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी।

## मानवता की सेवा जीवन का श्रेष्ठ कार्य है-मनीष गर्ग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

शहर की प्रमुख समाज सेवी संगठन भारत विकास परिषद,सुभाष शाखा के वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी के दायित्व ग्रहण एवं नवीन सदस्यों के शपथ समारोह में मुख्य अतिथि डॉ अवधेश प्रताप सिंह,अध्यक्ष म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने अपने उद्बोधन में समाज सेवा कार्यों के लिए परिषद के नवागत अध्यक्ष मनीष गर्ग व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मानवता की सेवा जीवन का श्रेष्ठ कार्य हैं।

इस संगठन का आधार विश्व में भारतीय ज्ञान व संस्कृति का परचम लहराने स्वामी विवेकानंद के आदर्श के साथ सेवा, संस्कार,समर्पण हैं जो वस्तुतः भारतीय जीवन मूल्य हैं। आज के वातावरण में समाज में इन मूल्यों एवं युवाओं में संस्कारों का संरक्षण सबसे बड़ी सेवा है ।

मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप ने आगे उद्गार व्यक्त किये कि आज के वातावरण में सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों के क्षरण को रोकना एवं इन मूल्यों का संरक्षण और नई पीढ़ी में संस्कारों का संवर्धन सबसे बड़ी समाज सेवा है। श्री सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन व अन्य दृष्टांतों से स्पष्ट संदेश दिया कि प्रभावी सेवा धन के अलावा संवेदनशील व्यवहार और मानवता के कार्य से भी की जा सकती है। यह सेवा संतोष और खुशी देती है।

## गांधीनगर बगीचे में हर्षोल्लास से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

**रतलाम।** गांधीनगर स्थित बगीचे में महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फुले जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मिठाई वितरण किया गया।

## ऑनलाइन अजनबियों से मित्रता करने से बचे-रचना डोसी

### इनरव्हील क्लब ने विद्यार्थियों साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा स्थानीय शा.बा.उ.मा.वि. क्र. 2 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सहायता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दानदाता कल्पना नरेंद्र नाहर परिवार की ओर से विद्यार्थियों को 100 कॉपियों का वितरण भी किया गया। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से सामान्य परिवेश से आने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रति निरंतर प्रोत्साहित करना और उनकी मूलभूत शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करना है।

शिक्षा सामग्री के वितरण के साथ ही वर्तमान समय की डिजिटल चुनौतियों को देखते हुए विद्यार्थियों को क्लब सचिव रचना डोसी ने बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के गुर सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि उन्हें ऑनलाइन अजनबियों से मित्रता करने से बचना चाहिए और अपना ओटीपी या पासवर्ड कभी भी किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।



बच्चों को सलाह दी गई कि इंटरनेट पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि का आभास होने पर वे तुरंत अपने शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित करें।

इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य वी.एस. पुरावत सहित पुष्पेंद्र कुँवर चौहान,अर्चना गौड़, सरिता अग्निहोत्री, दुर्गा टेलर, हेमलता पाटीदार, गिरिजा मंगोलिया, निशिकांत त्रिवेदी आदि भी उपस्थित थे। संचालन जितेंद्र कुमार चौरसिया ने किया व अंजना पटेल ने आभार माना।

## रामपुरा रहवासी संघ का पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**नीमच।** नीमच नगर में रहने वाले रामपुरा नगर की रहवासियों का पारिवारिक सनेहमिलन समारोह रामपुरा रहवासी संघ के द्वारा रविवार को स्वर्णकार धर्मशाला पर संपन्न हुआ। मिलन समारोह के प्रारंभ में सभी सदस्य गणों का व्यक्तिगत पारिवारिक परिचय हुआ । उसके बाद बच्चों वह महिला पुरुषों के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ । इस अवसर पर उपस्थित सबसे वरिष्ठ सदस्य श्री दत्त गुप्ता 95 वर्षीय का सम्मान रहवासी संघ के सदस्यों द्वारा माला व शाल से किया गया। इस अवसर पर रहवासी संघ के अध्यक्ष अशोक सोनी,वरिष्ठ सदस्य सुरेश चेलावत ,सुरेश आजाद, माकणकलाल चेलावत बंशीलाल धनोतिया, पीयूष कडावत, राजेंद्र आजाद, अजय नाहर, राहुल चौधरी,दिनेश चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

### गरोठ में नकली दूध के काले कारोबार का भंडाफोड़

## भारी मात्रा में यूरिया, केमिकल व नकली दूध बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिले के गरोठ क्षेत्र में पुलिस ने नकली दूध बनाने वालों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे ग्राम चचावदा चौकटिया स्थित एक बाड़े में पुलिस ने दबिश देकर सिंथेटिक दूध बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी। आठ दिन के भीतर गरोठ क्षेत्र में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से ढाई कट्टा यूरिया, भारी मात्रा में संदिग्ध केमिकल और करीब 700 से 1000 लीटर बना हुआ नकली दूध बरामद हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि इस अवैध डेयरी का संचालन बाड़े के दो कमरों में किया जा रहा था। आरोपी यूरिया और अन्य घातक रसायनों के मिश्रण से ऐसा दूध तैयार कर रहे थे जो दिखने में बिल्कुल असली जैसा था, लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फैक्ट्री संचालक मनीष को गिरफ्तार कर लिया है, जो मूल रूप से आगरा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इसके अलावा जांच की आंच दिनेश गुर्जर के ठिकानों तक भी पहुंची, जहां से भी भारी मात्रा में तैयार सिंथेटिक दूध और करीब 5000 लीटर नकली दूध बनाने की क्षमता वाला कच्चा केमिकल व उपकरण जब्त किए गए हैं।

रविवार दोपहर तक फूड इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह जादौन ने मौके पर पहुंचकर दूध के नमूनों की जांच की और उन्हें प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया पूरी की। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि यह अवैध फैक्ट्री लंबे समय से संचालित हो रही थी और यहां से आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाकों में दूध की आपूर्ति की जा रही थी। फिलहाल गरोठ पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों और इस कारोबार के मुख्य सरगनाओं की तलाश में जुटी है। ज्ञात हो कि पांच दिन पूर्व भी कोटड़ा बुजुर्ग में इसी तरह की कार्रवाई की गई थी, जिससे स्पष्ट है कि क्षेत्र में नकली दूध का नेटवर्क काफी गहरा फैला हुआ है।

## न्यूज कालम



## जैन मुनि-संतों का जुलूस श्रद्धा और उत्साह के साथ मंगल प्रवेश

**नीमच।** शहर में रविवार को मुनि-संतों का मंगल प्रवेश जुलूस श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जैन दिवाकर पूज्य गुरुदेव श्री चौथमल जी म.सा की जन्मभूमि नीमच में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम आचार्य प्रवर हुक्मीचंदजी म.सा की पुण्य स्मृति, प्रवर्तक रमेशमुनिजी म.सा की दीक्षा जयंती एवं महासाध्वी यशकुंवरजी म.सा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। श्रमण संघीय उपाध्याय प्रवर पूज्य गौतममुनिजी म.सा एवं वैभवमुनिजी म.सा के सानिध्य में जैन दिवाकर युवा संघ के तत्वावधान में सामूहिक एकासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और धर्म आराधना में भाग लिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए गौतम मुनि जी महाराज साहब ने कहा कि संत चलते-फिरते तीर्थ होते हैं और गुरु आज्ञा ही सर्वोच्च मंत्र है। उन्होंने कहा कि जैन दिवाकर चौथमलजी महाराज साहब की प्रेरणा से मेवाड़ सहित देशभर में 156 राजा-महाराजाओं ने शिकार का त्याग कर अहिंसा का मार्ग अपनाया। जीव दया और करुणा का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि कमजोर व मूक प्राणियों को कष्ट देना पाप है, अच्छे कर्म ही जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं।

## पॉलिथीन उपयोग वाली दुकानों पर नपा की कार्यवाही, 40 किलो पॉलिथीन जप्त



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर शनिवार 11 अप्रैल को स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षको की टीम ने लायंस चौराहा से भारत माता चौराहा तक अमानक पॉलिथीन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 14 दुकानों से लगभग 40 किलो पॉलिथीन जप्त की एवं 14 चालान बनाकर 14 हजार 500 रुपए अर्थ दंड वसूला। शनिवार शाम 5 बजे करीब नगर पालिका नीमच के स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक ने स्वच्छता निरीक्षक भेरूलाल अहीर, भारत सिंह भारद्वाज, गोपाल नरवाले, अविनाश घेंघट एवं ऋषि कलोसिया के साथ लायंस चौराहा से अमानक पॉलिथीन के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ की। प्रथम दिन यह कार्यवाही भारत माता चौराहा तक चली और कार्यवाही के दौरान मिठाई दुकानों, आइसक्रीम दुकानों, खाद्य पदार्थ व व किराना दुकानों सहित 14 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 40 किलो पॉलिथीन जप्त कर चालानी कार्रवाई करते हुए 14500 रुपए जुमार्ना वसूला एवं दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने एवं ग्राहकों को कागज या कपड़े की थैली में ही वस्तुएं प्रदान करने की समझाइश दी।

## कांग्रेसजनों ने मटके बेचने वालों को छतरियां व पानी की बोतल दी



**पिपलिया मंडी।** भीषणतम गर्मी में डिवाइडर पर गमले की छाया लेकर मिट्टी के मटके बेच रहे नारायणगढ़ के विद्याबाई प्रजापत एवं ओमप्रकाश प्रजापत को गर्मी में राहत मिल उन्हें छाया मिले इसको लेकर रविवार को दोपहर 3 बजे मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के सचिव भूपेंद्र महावर, किशनलाल चौहान,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया,बरखेड़ापन्थ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर आदि ने छतरियां एवं ठंडे पानी की बोतल दी ओर कहा कि गर्मी में छाता लगाकर अपना व्यवसाय करे।

## उपमुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार श्री हरीश गुप्ता की शवयात्रा में भाग लिया

**पिपलिया मंडी।** मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी में वरिष्ठ पत्रकार, ब्रेन मास्टर समाचार पत्र के संपादक, भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता श्री हरीश गुप्ता की पार्थिव देह पर उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित श्री राकेश गोयल भाजपा के वरिष्ठ जन कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धासुमन अर्पित की और परिवारजन के समक्ष संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पीत की।





## मेवाड़ा माली समाज ने भीमाखेड़ा में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई

**महिदपुर।** भीमाखेड़ा में नारी शिक्षा के अग्रदूत एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मेवाड़ा माली समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सकल पंच मेवाड़ा माली समाज भीमाखेड़ा के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## 60 वां उर्स में चादर पेश कर मांगी अमन-चैन की दुआ, कव्वालियों में झूमे श्रोता



**तनोडिया।** स्थानीय जामा मस्जिद चौक परिसर में स्थित हजरत दावल वली बाबा की मजार पर 60 वां उर्स हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल के साथ श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स के पहले मंगलवार को मजार पर चादर पेश कर नगर व देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ के साथ हुई। उर्स कमेटी के पुर्व सदर शब्बीर मुल्तानी ने बताया कि वे पिछले 60 वर्षों से लगातार हिन्दू मुस्लिम एकता के नेतृत्व में यह आयोजन को करते आ रहे हैं और इस वर्ष 60 वां उर्स आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि माधवसिंह राठौर, लालसिंह चुंडावत, जसंवतसिंह राठौर,ओम शर्मा, मुकेश परमार, दिनेश जाधव,सदर आरीफ मुल्तानी,उर्स कमेटी सदर लाला शाह,खादिम मुन्ना शाह,फारुक मुल्तानी, व और पुलिस स्टाफ का स्वागत किया गया। उर्स में हिन्दू मुस्लिम समाज बड़ी संख्या में हिन्दू-मुस्लिम समाजजन उपस्थित रहे। बुधवार की रात में कव्वाली का दौर शुरू हुआ, जिसमें इंदौर के शाकिर साबरी, आफताब कादरी और चंचल साबरी और नियाजी कव्वाल पार्टी पिपलोन ने सूफियाना अंदाज में नातिया कलाम पेश किए। हजरत मोहम्मद साहब और ख्वाजा गरीब नवाज की शान में प्रस्तुत कव्वालियों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे और कलाकारों पर नोटों की बारिश कर उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उर्स कमेटी के सदस्यों द्वारा अतिथियों को साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। देर रात कव्वालों द्वारा कुल पढ़ने के साथ ही उर्स का समापन हुआ। यह उर्स नगर में हिन्दू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।

## प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान का भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया



**तनोडिया।** मध्यप्रदेश शासन के अनुसुचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान का तनोडिया में भव्य स्वागत किया गया। और मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान ने प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान को सामाकोटा डेम से पेयजल एवं सिंचाई के लिए तनोडिया सहित आसपास गांवों को जोड़ने की मांग की गई। जिस पर प्रभारी मंत्री श्री चौहान ने आश्वासन दिया है कि अतिशिघ्र इस ओर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान विधायक मधु गेहलोत,पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय, डॉ राहुल जैन,मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान, महेश शर्मा, जितेन्द्र सिंह चौहान, पंकज मित्तल,महिपाल सिंह राठौर,राजा ठाकुर, बलराम सिंह राठौर, राजेश आर्य, देवकरण मीणा, जितेन्द्र शर्मा आदि कार्यकर्ता ने स्वागत किया। इसके बाद आगर के लिए रवाना हुए।

## पूर्व अध्यक्ष सिसोदिया बीजेपी में, कांग्रेस छोड़ सिसोदिया फिर बीजेपी में शामिल हुई



**सुसनेर।** नगर की पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान की मौजूदगी में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने सिसोदिया को रूपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। गौरतलब है कि सिसोदिया कुछ दिन पहले ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई थीं लेकिन अब उनकी पुनः भाजपा में वापसी से क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। सिसोदिया की इस घर वापसी को आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जल गंगा अभियान कागजों पर सिमटा

# पुराने पेयजल स्त्रोत कचरे के ढेर में तब्दील हुए

### पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम व जनपद सीईओ जगोटी पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जगोटी





चित्र में एसडीएम ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पुराने कुएं बावड़ी कचरे के ढेर में तब्दील

एक और प्रदेश सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर लोगों को पानी की महत्ता व इसकी निरन्तर उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसके ठीक विपरीत लोगों को पेयजल के लिए एक से डेढ़ किमी तक भटकना पड़ रहा है महिदपुर विधानसभा के बड़े गांव जगोटी में छः साल से गर्मी की शुरूआत होते ही पेयजल संकट आरंभ हो जाता है लोगों की दिनचर्या पेयजल आपूर्ति को ही समर्पित रहती है।

पेयजल समस्या का मुख्य कारण जल स्तर नीचे गिरने के साथ पी एच ई विभाग भी है, दो साल पहले जल जीवन मिशन के तहत जगोटी में घर घर पेयजल सुलभता से प्रदाय करने का काम अब भी अधूरा है, गांव में सड़क खोदकर बिछाई पाईप के कारण गांव की आंतरिक सड़कों को बदतर हालात में पहुंचा कर हर गली में को आवागमन लायक भी नहीं छोड़ा। नयी पाईप लाईन बिछाने का इस कदर घटिया तरीके से किया गया कि पैंतालीस साल पहले की नल जल योजना की पाईप लाईनें नष्ट कर पेयजल आपूर्ति बाधित कर दी। जगोटी खेडाखजूरिया मार्ग पर पीएच ई के ट्यूबवेल से पूरे वर्ष भर जल आपूर्ति होती थी मगर दो साल पहले उस ट्यूबवेल के समीप पुलिया निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा उक्त ट्यूबवेल को पत्थरों व गिट्टी मिट्टी से बंद कर उपयोग हीन कर दिया, ग्राम पंचायत जगोटी ने इस्को लेकर शिकायती आवेदन भी दिया था मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई इस गंभीर मसलें को पीएच ई अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। चार दशक पहले तक गांव की पेयजल आपूर्ति करने वाले अधिकांश कुए बावड़ी कचरे के ढेर में तब्दील होते जा रहे हैं,गांव की एक तिहाई आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने वाले चोक बाजार की बोहरा जी कुंडी व पंचायत भवन के ठीक पीछे की कुईया कचरे का ढेर बनकर उसके उपर आवागमन की सड़क का निर्माण लगभग दस साल पहले कर दिया गया,गांव के मध्य कुंडाल भी मृत अवस्था में है, इसके चारों तरफ गंदगी व अतिक्रमण कर इस प्राचीन धरोहर को नष्ट किया जा रहा है मगर जिम्मेदार उदासीन है। श्री चैतन्य हनुमान मंदिर के समीप दो साल प्राचीन बावड़ी व पास में होल्कर स्टैट के जल संग्रहण का पाला बारिश में लबालब भरा रहता है इन दिनों कतिपय तत्वों द्वारा यहां गंदगी व कचरे के ढेर किए जा रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद हेड़ा का कहना है कि प्रदेश सरकार जल गंगा अभियान चला रही है लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भी प्रभावी काम नहीं दिखाई दे रहा है, यदि सरकार गांवों के प्राचीन जल स्त्रोतों की दशा सुधारने के प्रति सही ढंग से योजना क्रियान्वित करे तो अधिकांश गांवों में पेयजल संकट से मुक्ति मिल सकती है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए सहायक नोडल अधिकारी रोहित कौशल का कहना है कि पुराने कुएं, बावड़ी या अन्य जल स्त्रोतों को फिर से जीवित करने का कोई फंड जारी नहीं हुआ है जनसहयोग से कोई भी पंचायत ये काम कर सकती हैं । जल जीवन मिशन के अधूरे पड़े काम व जगोटी में पिछले तीन महीने से पेयजल संकट को लेकर पीएच ई के ई ई खत्री ने सिर्फ इतना कहा कि ठेकेदार को कल ही भिजवा कर अधूरे पड़े काम को पूरा करवाते हैं। पंच रानू रजनीश तिवारी, वरिष्ठ नागरिक रणछोड़ पटेल, मनोहर पांचाल, रवि बोडाना ने कहा कि पीएच ई अधिकारियों का ठेकेदार पर कोई अंकुश नहीं है पाईप लाईन बिछाने में गांव की आंतरिक सड़कों को खराब कर दिया, पुरानी पेयजल आपूर्ति की लाईन नष्ट कर दी गई, पुराने पेयजल आपूर्ति के ट्यूबवेल को भी बंद कर दिया गया लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया वे सिर्फ आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनंत शर्मा ने कहा कि गंभीर होते पेयजल संकट के प्रति पीएच ई अधिकारियों द्वारा कारगर कदम नहीं उठाए गए तो कांग्रेस विरोध प्रदर्शन व धरना देगी।

जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरधारी लाल चौहान ने बताया कि पिछले विधानसभा सत्र में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरे पड़े कार्यों को लेकर विधायक दिनेश जैन बोस ने लिखित प्रश्न उठाया था।

पेयजल की गंभीर स्थिति को लेकर जगोटी पहुंचे महिदपुर एसडीएम अजय हिंगे, जनपद सीईओ मीना झा, पीएच ई इंजीनियर अशरफ हुसैन को सरपंच राहुल मुकाती, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी, पत्रकार अनंत शर्मा, दिनेश वर्मा, संदीप आंजना, मेहरबान सिंह ठाकुर, कैलाश जटिया आदि ने जल जीवन मिशन के अधूरे पड़े कार्यों व पेयजल आपूर्ति में आ रही समस्या से अवगत कराया। एसडीएम ने 25 अप्रैल तक अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

अंर्तराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला उज्जैन ग्रामीण की बैठक हुई

# समाज में शोषित पीड़ित एवं कम-जोर व्यक्ति को न्याय मिले- जोशी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



अंर्तराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला उज्जैन ग्रामीण कार्यकारिणी की बैठक चिंतामन गणेश मंदिर कढ़ाई महिदपुर में संपन्न हुई।

यह बैठक मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला एवं ब्लॉक इकाई के छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष प्रशांत नाईट एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजय जोशी एडवोकेट महिदपुर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कि गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता रामचंद्र शर्मा गुराड़िया जिला अध्यक्ष उज्जैन ग्रामीण ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ईश्वरलाल पंड्या कढ़ाई, श्यामसुंदर पंड्या महिदपुर यशवंत चोहान उज्जैन, प्रमोद राठोर उज्जैन रहे। कार्यकारिणी के नवनियुक्त जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारीगण जगदीश पंड्या कढ़ाई, सुभाष उपाध्याय आजमाबाद, रोहित बैरागी जैथल, डॉ. दयानंद शर्मा कालूहेडा, अनिल शर्मा माकडोन, नंदकिशोर व्यास खाचरोद, किशोर प्रजापत उज्जैन, रामचंद्र परमार एडवोकेट कढाई, महेश रावल उज्जैन, प्रकाश पांचाल गुराड़िया, अभिषेक उपाध्याय एडवोकेट झार्डा ने बैठक में भाग लिया।

एडवोकेट संजय जोशी ने मानवाधिकार एसोसिएशन के विषय में मानव के होलिका अधिकार के विषय में विस्तार से समझाया। समाज में शोषित पिडीत एवं कमजोर व्यक्ति को न्याय मिले इस पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का परिचय करवाया व एसोसिएशन के पावर और विस्तार करने के विषय में बात रखी। कार्यक्रम में उपस्थित क्षितिज उपाध्याय एडवोकेट, अभिनव पालीवाल, जगदीश उपाध्याय, बालूसिंह आंजना, भेरुसिंह सरपंच, नागेश्वर पांचाल एडवोकेट कालूसिंह सरपंच, डॉ अमृतलाल रावल, अमृत पांचाल, जगन्नाथ पांचाल, कवि किशोर पांचाल, विकास उपाध्याय, संजय राणा सभी का पुष्पमाला से स्वागत कर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष समर्थ पंड्या कढ़ाई ने किया। आभार प्रदीप पंड्या ब्लाक अध्यक्ष महिदपुर ने माना। यह जानकारी आशिष रावल ने दी।



मीडिया के सवाल पर बोले मंत्री

## मधुमक्खी के हमले से छात्र की मौत मामले में होगी जांच

**सुसनेर।** सोयतकला स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में मधुमक्खियों के हमले से एक मासूम छात्र की मौत के बाद सरकार सख्त रुख में नजर आ रही है। इस मामले में प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। जहां भी मधुमक्खियों के छत्ते या इस प्रकार की खतरनाक स्थिति पाई जाएगी, वहां तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद स्कूल में हुई इस घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी। यदि जांच में स्कूल प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि को स्वामी विवेकानंद स्कूल, सोयतकला में परीक्षा के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया था। इस हमले में कक्षा चौथी के 9 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि कई अन्य बच्चे घायल हो गए थे। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि मंत्री नागर सिंह चौहान आगर मालवा में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में यह बयान दिया।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने किया पूर्व मंत्री जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह का स्वागत

**गुना।** मप्र कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुना किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट घेराव धरना, प्रदर्शन आन्दोलन में भाग लेने आये म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयवर्धन सिंह का कांग्रेस के अनुसूचित जाति में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष भगवानसिंह अहिरवार के नेतृत्व में गुना आगमन पर जयस्तंभ चौराहा पर आतिशबाजी, ढ़ोल ढमाकों के साथ माल्यार्पण कर जोरदार भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना के अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह, भगवती बाई दिनेश अहिरवार सरपंच पाटन, ब्लॉक उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, खालिद बंटी पूर्व पार्षद, आर.के.देलबार, नरेश भार्गव, नरेंद्र वास्त्री राघोगढ़, गंगाराम, ब्लाक सचिव भगवानलाल बरेले, कैलाश जुगन, प्रतीक कपूर, आशीष जैन मंडल अध्यक्ष, जगदीश जाटव, होशियार सिंह, घनश्याम, प्रेम सिंह अहिरवार, जमुना लाल, लालसिंह, ओमकार सिंह, किशोरीलाल, अनंत सिंह, हरगोविंद, लालचन्द्र बाबू, अशोक, रघुवीर कोरी आदि बड़ी संख्या में शामिल रहे।

समाज सुधारक महात्मा ज्योति राव फुले की 199वी जन्म जयंती धूमधाम से मनाई

# स्टैचू के लिए जगह आवंटित करने की मांग का ज्ञापन दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



समाज सुधारक महान महात्मा ज्योति राव फुले की 199वी जन्म जयंती माली युवा सेवा संघ मालवा प्रांत के तत्वाधान में शनिवार को धूमधाम से मनाई गई । माली समाज, माली युवा सेवा संघ मालवा प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश डोडिया चिरोला कलां के तत्वाधान में समाजन प्रत्येक गांव से अपनी अपनी गाड़ी लेकर बड़नगर हजारी बाग एकत्रित हुए और वहीं से महात्मा फुले की प्रतिमा के साथ भव्य वाहन रैली प्रारंभ हुई। वाहन रैली का समापन माली समाज राम मंदिर पर एक सभा के रूप में हुआ।

समाजजनों ने रैली के माध्यम से संगम चौराहा पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, आजाद चौक पर शहीद चंद्रशेखर आजाद, जय स्तंभ पर विजय स्तम्भ पर माल्यार्पण किया गया। आमसभा में माली युवा सेवा संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश डोडिया, एडवोकेट कैलाश वाघेला , आनंदीलाल पटेल , प्रकाश गौड़ ने अपने उद्बोधन में महिला शिक्षा और समाज में चल रही रूडीवादी प्रथा को समाप्त करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन दिनेश चावड़ा एवं आभार राजेश परमार ने माना । आमसभा के पश्चात अनुविभागीय कार्यालय पर जाकर महात्मा ज्योति बा फुले तथा माता सावित्री बाई फुले को भारत रत्न दिये जाने तथा नगर सहित मध्य प्रदेश के सभी जिले और तहसील में महात्मा ज्योति राव फुले तथा माता सावित्री बाई फुले की स्टैचू के लिए जगह आवंटित करने की मांग का ज्ञापन दिया गया।

**ये रहे उपस्थित**

पूर्व अध्यक्ष भरत सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश हारोड़, कुंदन डोडिया , भोलाराम पीठोरा , भोलाराम सरपंच, कैलाश वर्मा , विनोद मकवाना ,चौरासी पंचांन के अध्यक्ष नरसिंह दिया, महेश सोलंकी श्याम परमार , राजेश परमार ,पूनमचंद माली , नेहरू माली, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अखिलेश बारोड़, अशोक जादव , बृजलाल सरपंच ,मुकेश जादव, दिलीप डोडिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## टेट परीक्षा को निरस्त की मांग को लेकर द्वारा ज्ञापन सौंपा

**खाचरोद।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर पुरे प्रदेश मै सभी विकासखंड मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया था, इसी क्रम मै खाचरोद मै अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा रैली निकाल कर माननीय मुख़्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी महोदय को सौपा गया अनिल परमार प्रांतीय शिक्षक संघ खाचरोद के सचिव ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगो मै ळएळ परीक्षा को समाप्त करने के लिए मध्यप्रदेश शासन से माननीय सुप्रीम कोर्ट मै पुनर्विचार याचिका दाखिल करने कि मांग कि गई तथा 28 वर्ष कि सेवा के बाद भी नियुक्ति दिनांक 01/07/2018 कर दी गई है जिसे पेंशन, ग्रेच्युटी आदि सभी उद्देश्यों के लिए प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही वरिष्ठता मान्य कि जाए ज्ञापन का वाचन स्मृति व्यास ने किया इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष आत्माराम परमार, अनिल परमार, आशीष जोशी, अमृत लाल मईडा, संतोष शर्मा, सेवाराम वर्षा, रुपसिंह सोलंकी धीरेन्द्र सिंह पंवार, परिवेश अरोड़ा, पार्वती यादव, रामसूख धाकड़, सहित लगभग 200 से अधिक शिक्षक उपस्थित थे।

## वार्ड नं. 14 में सीसी रोड का शुंभारंभ



**खाचरौद।** नगर में विकास की गति के रथ को बढ़ाते हुवें। वर्षो पुरानी मांग वार्ड 14 की वृंदावन गली में गली का निर्माण की जनता द्वारा की जा रही थी। वर्तमान पार्षद 14 नारायण मण्डावलिया द्वारा इस गली की मांग को नपाध्यक्ष गोविंद भरावा को बताकर इसे बनवाने का प्रस्ताव नपा परिषद में पास किया गया। वृंदावन गली में सीसीरोड़ कार्य का शुभारंभ बोहरा समाज के आमिल सा. जनबा शेख शब्बीरभाई बांरा वाला,नपाध्यक्ष गोविंद भरावा, लोकनिर्माण सभापति संजय नंदेड़ा, पार्षद नारायण मण्डावलिया, राजेन्द्र धाकड़,दयाराम कांकर,अब्दुला भाई शाकीर, शेख अकबर भाई, हुसैन भाई कनवासवाला , हुजैफा भाई बड़ावदा वाला आदि वार्डवासीयों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद व वार्डवासीगणों द्वारा अतिथियों का आदर सत्कार किया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**बड़नगर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में विकासखंड के लगभग 300 शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय सांदीपनी विद्यालय प्रांगण में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद डीपीई भोपाल द्वारा 27 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में दिया गया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि वर्षों से अपनी सेवा दे रहे शिक्षकों पर से इस अनिवार्यता को तत्काल हटाया जाए। साथ ही, शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता मान्य करने की भी पुरजोर मांग रखी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव डॉ. कैलाश बारोड़ ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक साथी मौजूद थे, जिनमें मुख्य रूप से अतुल दीक्षित, विनोद पंवार, मनीष रेशमिया, राधा परमार, धर्मेंद्र पांड्या, अनुसूया राणा, प्रदीप पाठक, राजेंद्र सोलंकी, अशोक सुल्तानिया, सुदीप सलूजा, भगवानसिंह मारु, नमिता पाटीदार और तरुणा वर्मा सहित मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## ज्योतिबा फुले जयंती पर पुष्पांजलि, शिक्षा और समानता का दिया संदेश

**शुजालपुर।** महात्मा ज्योतिबा फु ले की जयंती पर शनिवार को टिला स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के मांगलिक भवन में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। फूल माली सोशल उत्थान समिति के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में समाज के लोगों ने एकत्र होकर फु ले जी को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ एवं इतिहासकार महेश ब्रह्म भट्ट ने कहा कि महात्मा फुले महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और मानवतावादी थे। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी कमल पुष्पद, संभाग प्रभारी बंसीलाल पुष्पद, जिला प्रभारी डॉ. दिलीप पुष्पद, ओमप्रकाश पुष्पद, देवचंद पुष्पद, दीपक पुष्पद, मोहित ब्रह्म भट्ट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट अकाउंट में 7.5% तक ब्याज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। यानी आपको पहले जितना ही ब्याज मिलता रहेगा। अगर आप इन दिनों फिक्स्ड डिपॉजिट कराने का प्लान बना रहे हैं तो तो इससे पहले पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में भी जान लेना चाहिए।

### कहां कितने समय में पैसा होगा डबल?

नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट में अधिकतम ब्याज 7.5% मिल रहा है ऐसे में रूल 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में करीब 9 साल 6 महीने का समय लगेगा।

### क्या है रूल ऑफ 72?

फाइनेंस का यह खास नियम है रूल ऑफ 72। एक्सपर्ट्स इसे सबसे सटीक रूल मानते हैं, जिससे यह तय किया जाता है कि आपका निवेश कितने समय में डबल हो जाएगा। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि अगर आपने बैंक के एक खास स्कीम का चयन किया है, जहां आपको सालाना 8% ब्याज मिलता है। ऐसे में आपको रूल ऑफ 72 के तहत 72 में 8 का भाग देना होगा। 72/8= 9 साल, यानी इस स्कीम के तहत आपके पैसे 9 साल में दोगुने हो जाएंगे। टाइम डिपॉजिट स्कीम में 5 साल के लिए निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80उ के तहत टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। इसके तहत 1.50 लाख रुपए तक के निवेश पर आप इनकम टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं।

### देश में बिकीं रिकॉर्ड 47 लाख कारें, पर लग्जरी सेगमेंट की हिस्सेदारी महज एक प्रतिशत

# खाड़ी संकट: रईस ग्राहक टाल रहे महंगी कारों की खरीदारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




देश में वित्त वर्ष 2025-26 में कारों की बिक्री 13% बढ़कर रिकॉर्ड 47 लाख रही, लेकिन लग्जरी कारों की हिस्सेदारी 1% ही है। बीएमडब्ल्यू इंडिया के प्रेसिडेंट हरदीप सिंह बरार के मुताबिक पश्चिम एशिया तनाव ने खरीदारों के सेंटिमेंट को प्रभावित किया है, जिससे वे बड़ी खरीदारी टाल रहे हैं।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी व सीईओ संतोष अय्यर ने भी माना कि वैश्विक हालात के कारण इस साल लग्जरी मार्केट फ्लैट रह सकता है। हालांकि मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 19,363 यूनिट्स की बिक्री की, जो किसी एक वित्त वर्ष का सबसे शानदार प्रदर्शन है। इससे पिछले साल 18,928 यूनिट्स बेची थी।

मर्सिडीज की इस कामयाबी के पीछे सबसे बड़ा हाथ ह्यटॉप-एंड लग्जरीह्न सेगमेंट का रहा। अमीर ग्राहकों की बढ़ती पसंद के चलते इस सेगमेंट में वित्त वर्ष 2025-26 में 16% की वृद्धि देखी गई, जबकि साल मार्च तिमाही में यह उछाल 25% तक जा पहुंचा।

### लग्जरी कारों में ईवी की मांग 83 प्रतिशत बढ़ी

ईंधन की कीमतें बढ़ने के डर से ग्राहक तेजी से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की ओर बढ़ रहे हैं। जनवरी-मार्च में बीएमडब्ल्यू की इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 83% उछाल के साथ 1,185 तक पहुंच गई। अब कंपनी की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 26% है। मर्सिडीज की 1.4 करोड़ रुपए से महंगी इलेक्ट्रिक कारों की मांग भी 85% बढ़ी है। मर्सिडीज की इस कामयाबी के पीछे सबसे बड़ा हाथ ह्यटॉप-एंड लग्जरीह्न सेगमेंट का रहा। अमीर ग्राहकों की बढ़ती पसंद के चलते इस सेगमेंट में वित्त वर्ष 2025-26 में 16% की वृद्धि देखी गई।

### होंडा-निसान घाटे की ओर बढ़ रहीं

पिछले माह होंडा के चीफ मिबे तोशिहिरो नेएक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कंपनी 1957 के बाद पहली बार घाटा उठाने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने नाकामी की जिम्मेदारी लेते हुए अपनी और अपने डिप्टी की तनख्वाह में 30 प्रतिशत कटौती की जानकारी दी। हालांकि होंडा गंभीर मुश्किलों का सामना कर रही अकेली जापानी कार कंपनी नहीं है। पिछले सप्ताह मिबेने आगाह किया कि जापान की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। अमेरिका में आयातित कारों पर 25 प्रतिशत% टैरिफ से इंडस्ट्री का मुनाफा घटा है। सबसे अधिक असर चीनी प्रतिद्वंद्वी कंपनियों ने डाला है। बिक्री के हिसाब से दुनिया की छठी बड़ी कंपनी निसान में लगातार दूसरे साल कटौती चल रही है। 2028 तक सात फैक्ट्रियां बंद करने की योजना है। 2019 में दुनियाभर में कारों की बिक्री में जापानी कार कंपनियों का हिस्सा 31 प्रतिशत था।




## ईरान-अमेरिका वार्ता बेनतीजा रहने से दबाव में बाजार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान-अमेरिका वार्ता में कोई ठोस समझौता न होने से 13 अप्रैल से शुरू होने वाले हफ्ते में बाजार में तेज उतार-चढ़ाव दिख सकता है। कच्चे तेल की अस्थिर कीमतें, विदेशी निवेशकों की एक्टिविटी और ग्लोबल मार्केट की चाल भी बाजार की दिशा तय करने वाले मुख्य कारण होंगे।

शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता फरवरी 2021 के बाद सबसे बेहतरीन रहा। ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत से तनाव कम होने की उम्मीद में निफ्टी 6% की मजबूती के साथ 24,050 के स्तर पर बंद हुआ। अब क्या बाजार इस बढ़त को बरकरार रख पाएगा। सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। यहां खरीदारी का मौका हो सकता है।

रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। रजिस्टेंस जोन पार करने पर तेजी की उम्मीद रहती है।

मिड-ईस्ट में तनाव कम करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में चल रही 21 घंटे की लंबी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि वे बिना किसी डील के वापस लौट रहे हैं। इसका सीधा असर सोमवार को बाजार और कच्चे तेल की कीमतों पर दिख सकता है। अगर क्रूड की कीमतें बढ़ती हैं, तो इससे भारतीय बाजार पर दबाव बढ़ेगा। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 95.20 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है। विदेशी संस्थागत निवेशक अप्रैल में अब तक 48,213 करोड़ रुपए की शेयर बेच चुके हैं, जो बाजार के लिए चिंता का विषय है। हालांकि शुक्रवार को उन्होंने 672 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी।



### अब 55.5 प्रति लीटर टैक्स लगेगा

## डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 34 बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने डीजल और एयर टर्बाइन फ्यूल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी यानी विंडफाल टैक्स बढ़ा दिया है। डीजल पर निर्यात शुल्क 34 प्रति लीटर बढ़ाकर 55.5 कर दिया गया है, जो पहले 21.5 था। वहीं जेट फ्यूल पर ड्यूटी 29.5 से बढ़ाकर 42 प्रति लीटर कर दी गई है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को नोटिफिकेशन जारी कर नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी हैं। एक्सपोर्ट ड्यूटी फिलहाल शून्य ही रहेगी। हाल ही में पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में जो 10-10 की बड़ी कटौती की थी, उसका फायदा आम जनता को मिलता रहेगा। सरकार ने ये फैसला देश में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए लिया है। यह कदम उन आशंकाओं को दूर करता है जिनमें कहा जा रहा था कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण कच्चा तेल महंगा होने से भारत में पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है।



# गिल ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, 4 हजार आईपीएल रन बनाने वाले यंगेस्ट इंडियन

### बटलर की 100वीं टी-20 फिफ्टी, 14 हजार रन भी पूरे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के 19वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 7 विकेट से हराया। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को शुभमन गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। वे 4000 रन पूरे करने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने।

मैच में एक और बड़ा रिकॉर्ड जोस बटलर के नाम रहा। उन्होंने 100वीं टी-20 फिफ्टी पूरी की और इसी दौरान टी-20 क्रिकेट में 14 हजार रन का आंकड़ा पार किया। शुभमन गिल आईपीएल में 4000 रन पूरे किए। उन्होंने 26 साल 216 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की और उम्र के मामले में विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा।

गिल ने यह आंकड़ा 118 पारियों में छुआ और वे सबसे तेज भारतीयों में दूसरे स्थान पर हैं। केएल राहुल ने यह रिकॉर्ड 105 पारियों में बनाया था। तीसरे नंबर पर विराट कोहली (128 पारियां) हैं, जबकि शिखर धवन और सुरेश रैना भी शामिल हैं।

**पूरन बने लखनऊ के टॉप रन स्कोरर-** निकोलस पूरन लखनऊ के लिए क्ढछ में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 47 मैचों में 1422 रन बनाकर केएल राहुल (1410 रन) को पीछे छोड़ा। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आयुष बडोनी (1038 रन) हैं।

**बटलर ने 468 इनिंग में 14 हजार रन बनाए-** 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर जोस बटलर ने सिंगल लेकर अर्धशतक पूरा किया, जो उनके टी-20 करियर की 100वीं फिफ्टी रही। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे किए।

बटलर ने यह उपलब्धि 468 पारियों में हासिल की और वे इस आंकड़े तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने। पहले नंबर पर क्रिस गेल (423 पारियां) और दूसरे नंबर पर डेविड वॉर्नर (431 पारियां) हैं।

### संजू रोहित-कोहली के क्लब में शामिल

एजेंसी ▸▸ पटना

चेन्नई सुपर किंग्स ने 18वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया। चेपॉक स्टेडियम में संजू सैमसन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब में एंट्री ली। वे टी-20 में 400 सिक्स पूरे करने वाले चौथे भारतीय बने। उन्होंने इस सीजन का पहला शतक जड़ा। फील्डिंग में सरफराज खान ने डाइविंग कैच लेकर अक्षर पटेल को पवेलियन भेजा।

## गुजरात ने लगातार दूसरा आईपीएल मैच जीता, लखनऊ को 7 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ पटना

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल-19 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने रविवार के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात ने 165 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**गुजरात से गिल-बटलर ने फिफ्टी लगाई-** 165 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात ने मिलीजुली शुरूआत की टीम ने पावरप्ले में एक विकेट पर 52 रन ही बनाए थे। 45 रन के स्कोर साई सुदर्शन का विकेट गंवाने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने जोस बटलर के साथ मिलकर रन चेज को आसान बनाया। दोनों 58 बॉल पर 84 रन की साझेदारी की। दोनों अर्धशतक भी लगाए।

**प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 विकेट झटके-** लखनऊ की ओर से ऐडन मार्करम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। गुजरात से प्रसिद्ध कृष्णा ने ऐडन मार्करम, आयुष बडोनी, निकोलस पूरन और मुकुल चौधरी को पवेलियन भेजा। अशोक शर्मा को 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा के खाते में एक-एक विकेट आया। गुजरात ने लखनऊ को 7 विकेट से हराया दिया। 19वें ओवर की चौथी बॉल पर वॉशिंगटन सुंदर ने एक रन लेकर टीम को जीत दिला दी।

### वैशाली ने रूसी खिलाड़ी को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने साइप्रस में चल रहे ऋक्ष्ऊ चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी में एक और बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने 11वें राउंड में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना को हराकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बरकरार हैं। इस जीत के साथ वैशाली के 11 राउंड के बाद 7 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद खिलाड़ियों से एक अंक आगे हैं। टूर्नामेंट में अब तीन राउंड बाकी हैं। ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला।

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समयः दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्कता हैं
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैनः
9893374872

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बहन के साथ खेल रहे मासूम की तीसरी मंजिल से गिरने पर मौत

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर में शनिवार दोपहर तीसरी मंजिल की गैलरी से गिरने से 5 वर्षीय गोरांश की मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 3 बजे की है। गोरांश अपनी बड़ी बहन के साथ गैलरी में खेल रहा था। झांकते समय संतुलन बिगड़ने से वह सिर के बल नीचे गिर गया। परिजन बच्चे को तत्काल अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के समय गोरांश अपने दादा के साथ घर पर था। कुछ देर के लिए दादा अंदर गए, तभी यह घटना हो गई। बच्चे के पिता की 6 महीने पहले मौत हो चुकी है। इधर, इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र की गरीब नवाज कॉलोनी में 25 वर्षीय महिला अन्तिमा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मामले में जांच जारी है। मृतक अंतिमा कौशल की बहन गायत्री ने बताया कि पिछले साल मई में उसकी शादी हुई थी। उसके पति मनीष कौशल खुद का लोडिंग वाहन चलाते हैं। दहेज को लेकर वह आए दिन अंतिमा के साथ मारपीट करता था। शनिवार को अंतिमा की ननद का कॉल गायत्री के पास आया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार के मुताबिक, वह दो महीने की गर्भवती थी। 15 दिन पहले भी पति मनीष ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसकी जानकारी अंतिमा ने मोबाइल पर अपनी बहन को दी थी। फिलहाल पोस्टमार्टम माता-पिता के बिहार से आने के बाद किया जाएगा।

### क्लब के मैनेजर से मारपीट पर 3 नामजद पर केस, बिना एंट्री चार्ज घुसने पर विवाद

**इंदौर।** इंदौर के शालीमार टाउनशिप स्थित स्ट्राइगर क्लब में मैनेजर और स्टाफ से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सामने के बाद लसूड़िया थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मैनेजर देवेंद्र पटेल ने शिकायत में बताया कि क्लब में सिंगल एंट्री 2 हजार और कपल एंट्री 3 हजार रुपए है। 10 तारीख की रात यश जैन क्लब पहुंचा और कवर चार्ज देने से मना कर विवाद करने लगा। आरोपी ने बिना भुगतान किए जबरन क्लब में प्रवेश किया और वहां विवाद कर चला गया। स्टाफ ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। शनिवार शाम यश जैन अपने साथियों के साथ फिर क्लब पहुंचा। उसने मैनेजर को बाहर बुलाकर धमकी दी कि वह कभी भी एंट्री चार्ज नहीं देगा। मैनेजर के बाहर आने पर आरोपी ने उनका कॉलर पकड़ लिया। इसके बाद उसके साथियों ने मिलकर मारपीट की। पुलिस ने देवेंद्र पटेल की शिकायत पर यश जैन, किशोर सिंह सिकरवार और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से भड़की आग

**इंदौर।** इंदौर के रीगल स्थित रानी सराय परिसर में रविवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। लोगों ने बिजली के तारों से निकली चिंगारी के कारण झाड़ियों में आग लगते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। छोटी ग्वालटोली थाने के पास स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में अचानक झाड़ियों में आग भड़क उठी। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के चलते केबल और आसपास की सूखी झाड़ियों ने आग पकड़ ली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझा दी गई। बताया गया है कि थाना परिसर में काफी मात्रा में कबाड़ भी पड़ा हुआ है। यदि आग फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल दमकल विभाग के अनुसार स्थिति नियंत्रण में है।

### नगर निगम ने शहर के सभी मुक्तिधामों में अंतिम संस्कार के रेट तय कर लिस्ट लगाई

**इंदौर।** शहर के सभी मुक्तिधामों में अंतिम संस्कार को लेकर हो रही मनमानी वसूली पर आखिरकार ब्रेक लग गया है। नगर निगम ने सभी मुक्तिधामों में लकड़ी, कंडे और संटी के रेट तय कर दिए हैं। इसके लिए सभी मुक्तिधामों में सूची लगाई जा रही है। इसमें लकड़ी 800 रुपए प्रति क्विंटल, कंडा 15 रुपए प्रति नग, संटी 50 रुपए प्रति बंडल की दर तय की गई है। बाजार में जो लकड़ी 600-700 रुपए प्रति क्विंटल हैं, उसके मुक्तिधामों में 1300 रुपए तक वसूले जा रहे थे। इतना ही नहीं, अलग-अलग मुक्तिधामों में अंतिम संस्कार का कुल खर्च भी अलग-अलग (3500 से लेकर 4200 रुपए तक) था। इसके बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया। निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल ने सभी मुक्तिधामों पर अंतिम संस्कार के लिए एक रेट तय करने के आदेश दिए। नगर निगम के विद्युत विभाग ने सभी पांच मुक्तिधामों की गैस शवदाह मशीनों का मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। जन्म-मृत्यु विभाग ने सभी मुक्तिधामों में लकड़ी सप्लाई करने वाले ठेकेदारों को तलब किया है। संचालन करने वाले ट्रस्ट और एनजीओ से भी संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं।

### आग से मर्सिडीज कार जलकर खाक, दो बाइक भी जलीं



**इंदौर।** भक्त प्रहलाद नगर में शनिवार रात एक घर के बाहर आगजनी की घटना हो गई। आग में मर्सिडीज कार और दो बाइक जलकर खाक हो गईं। सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोका और काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना करीब साढ़े नौ बजे के लगभग की है। यहां प्रदेश टुडे अखबार के मालिक हृदयेश दीक्षित के घर के बाहर खड़ी उनकी मसिर्डीज कार और दो वाहन आग के हवाले हो गए। आग लगने के चलते पूरे वाहन जलकर खाक हो गए। यहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने फायर ब्रिगेड को सूचना की। जानकारी के बाद यहां पुलिस की टीम भी पहुंची। आग लगने का कारण अभी सामने नहीं आया है।

### नर्सिंग पदों की भर्ती पर हाई कोर्ट की सख्ती, भर्ती विज्ञापन में विरोधाभास

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने नर्सिंग ऑफिसर और सिस्टर ट्यूटर पदों की भर्ती से जुड़ी याचिका पर महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया पाया कि भर्ती विज्ञापन में स्पष्ट विरोधाभास है, जिससे प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण प्रतीत होती है। जस्टिस जय कुमार पिल्लई ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं को नर्सिंग ऑफिसर और सिस्टर ट्यूटर श्रेणी में आवेदन करने की अनुमति दी जाए और संबंधित विभाग उनके आवेदन स्वीकार करे। साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इन पदों पर होने वाला कोई भी चयन अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विज्ञापन के एक भाग में पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जबकि अन्य भाग में आरक्षण संबंधी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। इस विरोधाभास को देखते हुए कोर्ट ने अंतरिम राहत प्रदान की। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यदि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा होती है, तो याचिकाकर्ताओं के आवेदन ऑफलाइन माध्यम से भी स्वीकार किए जाएं। प्रकरण में प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नियत समय में जवाब प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में याचिका स्वतः निरस्त मानी जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट जीतेन्द्र वर्मा ने पैरवी की। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में 8 मई से समाप्त हो रही इंस्टाग्राम की एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सेवा को लेकर एक जनहित याचिका लगी है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि इससे उपभोक्ता की निजता का हनन हो सकता है

एमटीएच में मातृ मृत्युदर में कमी के लिए नई तकनीक, ब्लीडिंग का होगा सही आकलन

# ब्लड कलेक्शन ड्रेप से बढ़ेगी प्रसूता महिलाओं की सुरक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए सरकारी अस्पतालों में नई पहल की जा रही है। इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एमटीएच में डिलीवरी के बाद महिलाओं में होने वाले ब्लीडिंग को सटीक रूप से मापने के लिए कैलिब्रेटेड ब्लड कलेक्शन ड्रेप का उपयोग शुरू किया है। संभाग के सरकारी अस्पतालों में यह तकनीक पहली बार लागू की गई है।



एक्सपट्र्स का मानना है कि इस तकनीक से मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पहले से इसका उपयोग किया जा रहा है, जहां सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अस्पताल में ब्लड कलेक्शन ड्रेप सामाजिक संस्था और डॉ. सुमित्रा यादव की पहल पर उपलब्ध कराए गए हैं।

हाल ही में इंदौर में आयोजित गायनोकोलॉजी की कॉन्फ्रेंस में इसके उपयोग को लेकर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को ट्रेनिंग भी दी गई। इस ट्रेनिंग में इंदौर सहित पूरे संभाग के एक्सपर्ट, शामिल हुए। दरअसल, अब तक डिलीवरी के दौरान डॉक्टर्स ब्लीडिंग की मात्रा का आकलन अपने अनुभव के आधार पर करते थे। नई तकनीक के माध्यम से को मिलीलीटर में मापा जा सकेगा। इससे डिलीवरी के बाद होने वाली ब्लीडिंग की स्थिति का सटीक आंकलन संभव होगा। एक्सपट्र्स के अनुसार ज्यादा ब्लीडिंग मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। ऐसे में यह तकनीक डॉक्टरों को तुरंत और सटीक निर्णय लेने में मदद करेगी तथा मरीजों की सुरक्षा बढ़ाएगी।

#### प्रदेशभर से आते हैं मरीज

एमटीएच अस्पताल प्रदेश का प्रमुख प्रसूति केंद्र है, जहां दूर-दराज के जिलों से बड़ी संख्या में महिलाएं इलाज के लिए पहुंचती हैं। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि यह पहल हजारों गर्भवती महिलाओं के लिए राहतभरी साबित होगी और भविष्य में इसे अन्य शासकीय अस्पतालों में भी लागू किया जा सकता है।

#### मातृ मृत्यु के ये हैं खास कारण

मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से अधिक बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार प्रति 1 लाख जीवित जन्म पर लगभग 173 मातृ मृत्यु दर्ज की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अपेक्षाकृत अधिक गंभीर है। इसके कारण समय पर उपचार की कमी, पोषण की कमी और एनीमिया हैं। इन कारणों के चलते मध्य प्रदेश में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

निगम में वंदे मातरम् विवाद पर गरमाई सियासत, महापौर पुष्यमित्र भार्गव बोले

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का रुख बेहद आपत्तिजनक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम के बजट सत्र में महिला कांग्रेस पार्षदों द्वारा वंदे मातरम् नहीं गाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के रुख को घोर आपत्तिजनक बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर निगम के डिजिटल बजट की कॉपी सीएम डॉ. मोहन यादव को सौंपी गई है और स्मार्ट सिटी के नक्शे की फीस में राहत को लेकर भी चर्चा हुई है।

दरअसल, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शनिवार को इंदौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उनके बयान पर महापौर ने सवाल उठाए। मीडिया से बातचीत में भार्गव ने कहा कि



बजट सत्र के दौरान दोनों महिला पार्षदों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का अपमान किया, जिस पर विवाद खड़ा हुआ। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का रुख बेहद आपत्तिजनक है। महापौर ने कहा कि दोनों पार्षदों ने अलग-अलग समय पर मीडिया में अपने बयान दिए, इसके बावजूद कांग्रेस की अनुशासन समिति क्या जांच करेगी, यह वही बता सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में न तो कोई गंभीर कार्रवाई हुई और न ही स्थिति स्पष्ट की गई। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि उनके कार्यालयों में वंदे मातरम् गाया जाता है या नहीं। यदि गाया जाता है, तो जो लोग इसे नहीं गाते, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होती है। यह भी सार्वजनिक होना चाहिए।

**महापौर बोले- पटवारी को ऐसी बातें शोभा नहीं देती-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पटवारी ने जिस तरह ईमानदार लोग हाथ उठाएं, हम भ्रष्टाचार साबित करेंगे जैसी चुनौती दी, वह बेहद अजीब और अनुचित है। यदि किसी पर भ्रष्टाचार का आरोप है, तो उसे तथ्यों के साथ सार्वजनिक करना चाहिए। ईमानदारी को इस तरह चुनौती देने की परंपरा कब शुरू हुई, यह समझ से परे है। महापौर ने यह भी कहा कि जिन पर खुद भ्रष्टाचार के आरोप रहे और जिन्हें जनता ने नकार दिया, उन्हें इस तरह के बयान देना शोभा नहीं देता।

## इन्फिनिक्स इन्फोटेक कंपनी की क्राइम ब्रांच में भी हुई शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अहमदाबाद/ इंदौर

तुकोगंज पुलिस द्वारा इन्फिनिक्स इन्फोटेक कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले भी इस कंपनी के खिलाफ क्राइम ब्रांच में शिकायत की जा चुकी थी, लेकिन उस समय मामला दर्ज नहीं हो पाया था।

बताया जाता है कि बिहार निवासी अंगेश कुमार ने सबसे पहले शिकायत की थी। क्राइम ब्रांच में डीसीपी के रीडर द्वारा उनके बयान भी लिए गए, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में उन्होंने डीसीपी जोन-3 से भी गुहार लगाई।

अंगेश कुमार, निवासी पिपरा (बेगूसराय), ने आरोप लगाया कि कंपनी के मालिक मनीष पांडे और कर्मचारी अंकित तिवारी ने उन्हें एक प्रोजेक्ट में निवेश करने का झांसा दिया। इस दौरान उनसे करीब 17.66 लाख रुपए की ठगी की गई। आरोपियों ने दावा किया था कि उनकी कंपनी एल्गोरिथम आधारित सॉफ्टवेयर के जरिए ऑटोमेटिक ट्रेडिंग कराती है। उन्होंने पीड़ित का डिमेट अकाउंट भी लिंक कराया और एक साल में 1 करोड़ रुपये रिटर्न का लालच दिया।

वाहन चालक शराब पीकर करा रहे थे यात्रियों को सफर

## पुलिस ने 12 वाहन पकड़े, 2 बस समेत 1 आयशर चालक पर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजयनगर पुलिस सख्ती के मूड में नजर आई। शनिवार रात चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान यात्रियों से भरी दो बसों को रोककर उनके चालकों की जांच की गई, जिनमें दोनों ड्राइवर शराब के नशे में पाए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 12 वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई की, जिनमें से 3 बड़े वाहन जब्त किए गए। जब्त वाहनों में दो यात्री बसें और एक आयशर वाहन शामिल हैं।

**तीन चालकों पर हुई कार्रवाई-** कार्रवाई के तहत अमरदीप ट्रैवल्स की बस के चालक सीताराम सेन, गौतम ट्रैवल्स की बस के ड्राइवर नीरज कुमार शुक्ला और आयशर वाहन के चालक गजेंद्र कोरी के खिलाफ कार्रवाई की गई। तीनों चालकों पर शराब पीकर वाहन चलाने के




मामले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। साथ ही उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण और वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

**गुडें बदमाशो की भी हुई चेंकिग-** वहीं देर रात शहर के सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे-बदमाशों की तलाश को लेकर भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। देर रात तक पुलिस अधिकारी शहर में सक्रिय रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने अपने प्रेमी के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। युवती के अनुसार आरोपी उसी की बिल्डिंग में किराए से रहता था, जिसके चलते दोनों के बीच जान-पहचान हुई थी।

विजयनगर पुलिस के मुताबिक स्कीम नंबर 54 निवासी युवती शनिवार को अपने रिश्तेदार के साथ थाने पहुंची और आनंद त्रिपाठी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

युवती ने बताया कि वह नौकरी करती है। उसी बिल्डिंग के एक फ्लैट में रहने वाले आनंद ने पहले उसे प्रपोज किया, लेकिन उसने इंकार कर दिया। हालांकि लगातार बातचीत और मनाने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। इसी दौरान आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद युवती ने शादी की बात कही तो आरोपी परिवार से बात करने का कहकर खंडवा चला गया। वहां पहुंचने के बाद उसने फोन पर शादी से इंकार कर दिया और अपने दोनों मोबाइल बंद कर लिए।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

## कॉपी-किताब मोनोपोली पर फिर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के स्कूलों में कॉपी-किताब की मोनोपोली के खिलाफ जिला प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर गांधीनगर स्थित गुरुकुल शांति (वर्ल्ड पीस स्कूल) के संचालक एवं प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला एक अभिभावक की शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में आरोप लगाया था कि स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को केवल स्कूल परिसर में संचालित अपनी निर्धारित दुकान से ही कॉपी-किताब खरीदने के लिए दबाव डाला जा रहा है, जबकि अन्य दुकानों पर संबंधित पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जा रही थीं। जांच दल द्वारा मौके पर पहुंचकर की गई जांच में शिकायत सही पाई गई। जांच के दौरान प्राचार्य द्वारा लिखित में पुस्तकों की व्यवस्था संबंधी तथ्य स्वीकार किए गए। प्रशासन ने इसे पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन माना।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES
Powered By
Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com